www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

**मौसम**
अधिकतम तापमान 28.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 102.705g
चांदी 113,000kg

2 किसानों के हित में तनकर खड़ा भारत, देश ने साफ कर दिया अमेरिका को नहीं मिलेगी रियायत

रशिया से एमबीबीएस कर बिना टेस्ट दिए की सर्जरी 04

वर्ष :09 | अंक :58 | मुंबई, मंगलवार 19 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## बेटी को गोद में लेकर महिला तीसरी मंजिल से कूदी, बच्ची की मौत, पति गिरफ्तार

जयपुर के मुरलीपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला के पांच साल की अपनी बेटी के साथ तीसरी मंजिल से कूद जाने से बच्ची की मौत हो गयी जबकि मां गंभीर घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि महिला का उपचार चल रहा है तथा इस संबंध में उसके पति को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि बृहस्पतिवार को मंजू मीणा (32) के तीसरी मंजिल से कूदने पर उसकी पांच साल की बच्ची प्रियांशी की मौत हो गई थी तथा घायल महिला का उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मंजू के भाई की ओर से दर्ज शिकायत के आधार पर महिला के पति रविंद्र कुमार (35) को शनिवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ओडिशा में महिला पुलिस कांस्टेबल का शव पेड़ से लटका मिला, पति और सास गिरफ्तार

ओडिशा में शनिवार को नुआपड़ा रेलवे स्टेशन के पास एक महिला पुलिस कांस्टेबल का शव एक पेड़ से लटका मिला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मृत महिला के पति और सास को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि शव को पेड़ से लटका देखने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव बरामद होने से कुछ घंटे पहले महिला कांस्टेबल ने कई लोगों को कथित तौर पर वीडियो संदेश प्रेषित किया, जिसमें उसने कहा कि वह अपने पति और ससुराल वालों द्वारा दी जा रही यातना की वजह से आत्महत्या करने जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, हमने आत्महत्या के लिये उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। हम वीडियो की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने महिला कांस्टेबल के पति और सास को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें अदालत में पेश किया। नुआपाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान पता चला कि कांस्टेबल का पति और सास उसे परेशान कर रहे थे, इसलिए हमने उन्हें गिरफ्तार किया है।

# सरकारी संपत्ति तोड़ने का अधिकार नहीं, निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी, विपक्ष को ओम बिरला की चेतावनी

### लोकसभा में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला पर विशेष चर्चा एसआईआर पर विपक्ष का हंगामा जारी

**लोकसभा की कार्यवाही**

**बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ सोमवार को संसद भवन परिसर में विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के घटक दलों के सदस्यों ने प्रदर्शन किया।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। विपक्षी सदस्यों के बार-बार व्यवधान के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ( आईएसएस ) पर ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन पर निर्धारित विशेष चर्चा भी बाधित रही। भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025 पारित होने के बाद राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इस साल 30 जून तक नियामक और भू-राजनीतिक मुद्दों के कारण 5,706 उड़ानें रद्द की गईं। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) के खिलाफ सोमवार को संसद भवन परिसर में विपक्षी गठबंधन इंडिया ( इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ) के घटक दलों के सदस्यों ने प्रदर्शन किया।



**चुनाव आयोग ने वोट चारी के दावों का खंडन किया**

**एक दिन पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के भारतीय चुनाव आयोग पर लगाए गए 'वोट चोरी' के दावों का खंडन किया. उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता द्वारा लगाए गए पक्षपात के आरोपों को भारत के संविधान का अपमान करार दिया. साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से या तो एक हस्ताक्षरित हलफनामा प्रस्तुत करने या अपनी टिप्पणी के लिए देश से माफी मांगने भी कहा.**

संसद ने सोमवार को बंदरगाह क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों वाले भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी तथा केंद्रीय पत्तन परिवहन और जलमार्ग मंत्री सवानंद सोनोवाल ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को पाने में बंदरगाह क्षेत्र के योगदान को बढ़ाने में इस प्रस्तावित कानून की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। राज्यसभा में इस विधेयक पर चर्चा और मंत्री सोनोवाल के जवाब के बाद इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि कुल 56.04 करोड़ प्रधानमंत्री जन धन योजना ( पीएमजेडीवाई ) खातों में से 23 प्रतिशत निष्क्रिय हैं। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 31 जुलाई 2025 के अंत तक 56.03 करोड़ पीएमजेडीवाई खातों में से 13.04 करोड़ खाते निष्क्रिय हैं।

**एसआईआर को लेकर विपक्ष का प्रदर्शन**

**बता दें कि 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र की शुरूआत से ही विपक्षी दल वोटर लिस्ट के संशोधन का विरोध कर रहे हैं. सत्ता पक्ष ने विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया है. इस चल रही प्रक्रिया को 'चुपचाप, अदृश्य धांधली' करार देते हुए, इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने 'वोट चोरी' बंद करने का आह्वान करते हुए बैनर लहराए.**

# एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार राधाकृष्णन ने पीएम मोदी से मुलाकात की

### उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एकजुट हुआ एनडीए, सीपी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी पर विपक्ष की मिलीजुली प्रतिक्रिया

**राधाकृष्णन की उम्मीदवारी के बाद भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने आगे कहा कि राजनाथ सिंह जी एक वरिष्ठ नेता हैं। वह उत्तर प्रदेश से हैं, वह रक्षा मंत्री हैं। अगर वे बात करेंगे, तो हम बात करेंगे और अगर बात करने की जरूरत होगी, तो हम बात करेंगे।**



एजेंसी

नई दिल्ली : महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. यह मुलाकात सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन द्वारा उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के एक दिन बाद हुई. वह एनडीए की विभिन्न बैठकों में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे और कई नेताओं से मुलाकात की. मुलाकात के तुरंत बाद मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सी. पी. राधाकृष्णन जी से मुलाकात की. एनडीए की तरफ से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं. जनसेवा के लंबे अनुभव और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता हमारे देश को समृद्ध बनाएगी. वह पहले की तरह ही समर्पण और दृढ़ निश्चय के साथ देश की सेवा करते रहें. राधाकृष्णन 20 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं. मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक में उन्हें सम्मानित किए जाने की उम्मीद है. इससे पहले सोमवार को नई दिल्ली पहुंचने पर महाराष्ट्र के राज्यपाल और एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का केंद्रीय मंत्री किरेन रीजिजू, राम मोहन नायडू, प्रह्लाद जोशी के अलावा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व अन्य ने स्वागत किया.

**कांग्रेस ने एनडीए द्वारा सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने की आलोचना करते हुए उन्हें एक और आरएसएस का आदमी? बताया है। उपराष्ट्रपति का कार्यकाल पाँच वर्षों का होता है, हालाँकि, 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र के पहले दिन स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जगदीप धनखड़ के इस्तीफा देने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें संसद के दोनों सदनों के सांसद होते हैं।**

# चुनाव आयोग के खिलाफ एकजुट हुआ विपक्ष

**समाचार एजेंसी एएनआई ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन के हवाले से कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव समेत सभी लोकतांत्रिक हथकंडे अपनाने को तैयार है, हालाँकि अभी तक इस पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है।**

### सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव की तैयारी!




एजेंसी

'वोट चोरी' के चल रहे आरोपों के बीच, विपक्षी दल संसद के मानसून सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त ( सीईसी ) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव ला सकते हैं। सोमवार को कई रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई। समाचार एजेंसी एएनआई ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन के हवाले से कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव समेत सभी लोकतांत्रिक हथकंडे अपनाने को तैयार है, हालाँकि अभी तक इस पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है। हुसैन ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो हम नियमों के तहत लोकतंत्र के सभी हथकंडे अपनाएँगे। अभी तक हमने ( महाभियोग पर ) कोई चर्चा नहीं की है, लेकिन जरूरत पड़ने पर हम कुछ भी कर सकते हैं। एक दिन पहले, ज्ञानेश कुमार ने संविधान के प्रावधानों और चुनावी कानूनों की धाराओं का हवाला देते हुए कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों को खारिज करने की कोशिश की। उन्होंने गांधी के आरोपों को भारत के संविधान का अपमान करार दिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नहीं है ।

# मुख्य चुनाव आयुक्त ने हमारे सवालों का जवाब नहीं दिया

### इंडिया गठबंधन का आरोप, अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा चुनाव आयोग

**विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर एक बार फिर हमला बोला. मीडिया सम्मेलन में सभी पार्टियों के नेताओं ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाए. मीडिया को संबोधित करते महुआ मोइत्रा, गौरव गोगोई व प्रो. रामगोपाल यादव**



एजेंसी

नई दिल्ली : विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भाजपा प्रवक्ता की तरह काम करने का आरोप लगाया. सोमवार को विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा कि वह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और मतदाता सूची में अनियमितताओं से संबंधित मुद्दों पर उनके सवालों का जवाब देने में विफल रहे. एक बैठक के बाद यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, कांग्रेस, टीएमसी, सपा, डीएमके और राजद जैसे आठ प्रमुख विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों ने सीईसी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि उनके द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देने के बजाय, उन्होंने रविवार को अपने संवाददाता सम्मेलन में उन पर हमला करना चुना. इस बारे में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि चुनाव आयोग का काम विपक्ष पर हमला करना नहीं है. मोइत्रा ने कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन के नेताओं की प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया, मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा कल एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कठपुतली का प्रदर्शन बेहद शर्मनाक था. चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों से भाग रहा है, वह अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है. मतदान का अधिकार संविधान द्वारा प्रदत्त सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है.

हमारा लोकतंत्र पूरी तरह से आम लोगों के 'मतदान के अधिकार' पर निर्भर करता है.

# नांदेड़ में भारी बारिश के बाद 200 से अधिक लोग फंसे, बचाव कार्यों के लिए बुलाई सेना

**नांदेड़ जिले में भारी बारिश के बीच विभिन्न गांवों में 200 से अधिक लोग फंस गए हैं, जिसके बाद प्राधिकारियों को बचाव और राहत कार्यों के लिए भारतीय सेना की मदद लेनी पड़ रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार और मंगलवार को भारी बारिश का अनुमान जताते हुए नांदेड़ जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।**

एजेंसी



मराठवाड़ा के कुछ हिस्सों में पिछले कुछ घंटों से हो रही भारी बारिश ने चिंताजनक स्थिति पैदा कर दी है। नांदेड़ के मुखेड़ तालुका में रविवार रात बादल फटने से हुई बारिश के कारण छह गाँव पानी में डूब गए हैं। जलस्तर बढ़ने के कारण इन नागरिकों को बचाने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल ( एसडीआरएफ ) को बुलाया गया है और छोटी नावों और नावों की मदद से नागरिकों को निकालने का अभियान शुरू किया गया है। नांदेड़ जिले में भारी बारिश के बीच विभिन्न गांवों में 200 से अधिक लोग फंस गए हैं, जिसके बाद प्राधिकारियों को बचाव और राहत कार्यों के लिए भारतीय सेना की मदद लेनी पड़ रही है।

# 'संबंध सुधारने के लिए सीमा पर शांति जरूरी'

### चीनी विदेश मंत्री से बोले एस जयशंकर

**राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर भारत आए चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की.**

एजेंसी



नई दिल्लीः चीनी विदेश मंत्री वांग यी सोमवार को दो दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे और एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की. वांग यी, जो चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य भी हैं, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर भारत यात्रा पर आए हैं. इस दौरान एस जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंधों में सुधार के लिए सीमा पर शांति जरूरी है. बैठक में विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने कहा, आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के विरुद्ध लड़ाई एक और प्रमुख प्राथमिकता है. मैं हमारे विचारों के आदान-प्रदान की प्रतीक्षा कर रहा हूं. हमारी आशा है कि हमारी चचाएं भारत और चीन के बीच एक स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंध बनाने में योगदान देंगी

# तेजप्रताप की नई पार्टी- जनशक्ति जनता दल:2024 में बनाई थी

### बांसुरी चिन्ह था; लालू के बड़े बेटे इसी से बिहार चुनाव लड़ेंगे

एजेंसी



पटना , बिहार में लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव जनशक्ति जनता दल से बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। तेजप्रताप के करीबी बालेंद्र दास ने 2024 में यह पार्टी बनाकर लोकसभा चुनाव लड़ा था। तब उनका चुनाव चिन्ह बांसुरी था। बालेंद्र दास अध्यक्ष और प्रशांत प्रताप राष्ट्रीय महासचिव थे। सोमवार को जनशक्ति जनता दल को चुनाव आयोग से मान्यता मिल गई है। तेजप्रताप यादव चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंचे और 30 मिनट तक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से बात की। चुनाव आयोग के अधिकारी ने भास्कर को बताया कि इस पार्टी को तेजप्रताप ने अपने नाम पर रजिस्टर करा लिया है तेजप्रताप यादव ने 26 जुलाई को महुआ सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया था।

**पलटवार** संबित पात्रा बोले- इन्हें प्रधानमंत्री की कुर्सी सिंहासन लगती है

# राहुल गांधी के आरोपों पर बीजेपी का पलटवार

एजेंसी



नयी दिल्ली। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों और विपक्ष के आरोपों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज मैं देख रहा था कि अनेक राजनीतिक पार्टियों के लोग बैठकर प्रेस वार्ता कर रहे थे। मैं पूछना चाहता हूं कि आपकी खंडपीठ बड़ी है, या सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ बड़ी है। उन्होंने कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट ने रकफ पर रोक नहीं लगाई है, तो आप कौन सी खंडपीठ हैं, जो घोषणा कर रहे है कि चोरी हो रही है। ये दिखाता है कि संवैधानिक संस्थाओं के साथ आप खिलवाड़ करते हैं। विपक्ष पर हमला जारी रखते हुए पात्रा ने कहा कि सिर्फ चुनाव आयोग ही नहीं, देश की ऐसी कोई संवैधानिक संस्था नहीं बची है, जिस परकांग्रेस परिवार व कांग्रेस परिवार के इर्द-गिर्द घूम रहे परिवारों ने हमला न किया हो। याद कीजिए, ये वही लोग है जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट पर अंगुली उठा दी थी। ये वही लोग हैं, जिन्होंने भारत के आर्मी चीफ को 'सड़क का गुंडा' कहने की हिमाकत की थी। ये वही लोग हैं, जो सर्जिकल स्ट्राइक, एयरस्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना पर हमला करने से नहीं कतराते हैं और सबूत मांगते हैं। पात्रा ने कहा कि इनका ( कांग्रेस और उसके स ?हयोगियों का ) मकसद घुसपैठियों को बचाना है। भारत की जनता जानती है कि आप किस प्रकार से वोटबैंक की, तुष्टिकरण की राजनीति और उसमें घुसपैठियों को जोड़कर अपना वोट बैंक बनाकर जीतना चाहते हैं। लेकिन इस देश के संसाधनों पर इस देश की जनता का अधिकार है किसी घुसपैठिए का अधिकार नहीं है। राहुल गांधी के यात्रा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा की जा रही यात्राओं से कुछ नहीं होने वाला... यह निराशाजनक है कि चारा चोर और देश की हर चीज चुराने वाला परिवार एक संवैधानिक संस्था पर चोरी का आरोप लगा रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कल चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बिंदुवार तकनीकी खंडन किया... विपक्ष देश में अराजकता का माहौल चाहता है और इसलिए इसका राजनीतिक लाभ उठाना चाहता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि देश की कोई भी संवैधानिक संस्था ऐसी नहीं है जिस पर कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी, गांधी परिवार और उनके इर्द-गिर्द की हर वंशवादी पार्टी ने हमला न किया हो.

**विपक्ष पर हमला जारी रखते हुए पात्रा ने कहा कि सिर्फ चुनाव आयोग ही नहीं, देश की ऐसी कोई संवैधानिक संस्था नहीं बची है, जिस परकांग्रेस परिवार व कांग्रेस परिवार के इर्द-गिर्द घूम रहे परिवारों ने हमला न किया हो। याद कीजिए, ये वही लोग है जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट पर अंगुली उठा दी थी।**

# उत्तराखंड सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज बनाने का प्रयास कर रही है: मुख्यमंत्री धामी



एजेंसी

नयी दिल्ली।उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि जनता को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का प्रयास कर रही है। यहां आयोजित उत्तराखंड चिकित्सा स्वास्थ्य सशक्तीकरण अभियान में 220 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, हम प्रत्येक जिले में एक-एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें।

**मुख्यमंत्री ने कहा, आप मात्र चिकित्सक नहीं बल्कि देवभूमि के आरोग्य प्रहरी भी हैं। आप सभी को प्रदेश की चिकित्सा को जनसुलभ और नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूर्ण समर्पण और सेवाभाव से कार्य करना होगा।**


मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 11 लाख से अधिक मरीजों को अब तक 21 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जा चुकी है, जबकि श्रीनगर में कार्डियो और न्यूरोलॉजी तथा हल्द्वानी में कैंसर से संबंधित विशेष चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में सुदूरवर्ती क्षेत्रों से हेलीकॉप्टर के माध्यम से भी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। उन्होंने इस संबंध में कहा कि हाल में धराली आपदा के दौरान यह देखने को भी मिला।

## सम्पादकीय

# सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप करे, चुनाव आयोग पर निराधार आरोपों पर एक्शन जरूरी

यह आवश्यक हो जाता है कि सुप्रीम कोर्ट इस पूरे प्रकरण में हस्तक्षेप करे। उसे हस्तक्षेप केवल इसलिए नहीं करना चाहिए क्योंकि वह इस मामले की सुनवाई कर रहा है बल्कि इसलिए भी करना चाहिए कि एक संवैधानिक संस्था की जड़ें खोदी जा रही हैं। आखिर सुप्रीम कोर्ट ऐसा होते हुए कैसे देख सकता है। यह अच्छा हुआ कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर वोट चोरी के आरोप लगा रहे राहुल गांधी के आरोपों का न केवल बिंदुवार जवाब दिया, बल्कि उन्हें बेनकाब करते हुए यह भी कहा कि वे या तो अपने निराधार आरोपों के संदर्भ में शपथ पत्र दें या सात दिनों के अंदर देश से माफी मांगें। राहुल गांधी को ऐसी चेतावनी देना आवश्यक था, क्योंकि वे अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा और गरिमा पर जानबूझकर चोट करने में लगे हुए हैं। इसके पहले वे और कुछ अन्य विपक्षी नेता ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप लगाया करते थे। जब ऐसे आरोप निराधार साबित हुए तो वे वोट चोरी की नई कहानी लेकर सामने आ गए। मुख्य चुनाव आयुक्त ने जो कुछ कहा, उसका यही अर्थ था कि यह कहानी फर्जी है। उन्होंने हाउस नंबर जीरो वाले मतदाताओं के मामले में राहुल और उनके जैसे अन्य नेताओं को न केवल आईना दिखाया, बल्कि वस्तुस्थिति से भी अवगत कराया। इसी तरह उन्होंने महाराष्ट्र चुनावों में कथित धांधली के राहुल के आरोपों की पोल खोली। इसके साथ ही उनकी ओर से यह भी स्पष्ट किया कि यह पहली बार नहीं है कि बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण हो रहा है। ऐसा 2003 में भी हुआ था। इसमें संदेह है कि राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेता मुख्य चुनाव आयुक्त की बातों पर गौर करेंगे और अपना रवैया बदलेंगे। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि गत दिवस ही राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त की प्रेस कांफ्रेंस से पहले बिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। उनकी मानें तो पिछले लोकसभा चुनाव में भी वोटों की चोरी हुई थी। अच्छा होगा कि राहुल अथवा उनके साथी-सहयोगी यह समझा दें कि यदि ऐसा हुआ था तो कांग्रेस 99 सीटें कैसे पा गई और भाजपा 240 पर क्यों सिमट गई? वास्तव में राहुल गांधी का इरादा तथाकथित वोट चोरी के मामले को उजागर करना नहीं, बल्कि चुनाव आयोग एवं भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बदनाम करके अविश्वसनीय बनाना है। वे ऐसा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि संभवतः यह जान गए हैं कि चुनावी मैदान में जीत हासिल करना उनके बस की बात नहीं। जो भी हो, यह आवश्यक हो जाता है कि सुप्रीम कोर्ट इस पूरे प्रकरण में हस्तक्षेप करे।

## आज का विचार







**मेष राशि:** दिन बेहद उत्तम और संतोषजनक रहने वाला है। आपकी आमदनी में वृद्धि होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा और कार्यक्षेत्र में भी धन प्राप्ति के शुभ योग बनते नजर आ रहे हैं। नौकरी करने वालों को प्रमोशन मिलने की संभावना भी बनी हुई है।

**वृषभ राशि:** व्यापार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। लाभ कमाने के सुनहरे अवसर मिल सकते हैं और सुख-संपत्ति में भी विस्तार होगा। कार्यक्षेत्र में किसी बुजुर्ग के सहयोग से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं

**मिथुन राशि:** आपका दिन बेहद शुभ रहने वाला है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर उच्च पद प्राप्त हो सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। सहयोगियों का भी आपको पूर्ण साथ मिलेगा। वहीं व्यवसाय में भागीदारी व साथियों का सहयोग मिलने से कई काम आसानी से पूरे होंगे।

**कर्क राशि :** व्यापार और कारोबार के मामले दिन अच्छा रहेगा। आपको कामकाज के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जिससे उत्तम परिणाम मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में मित्रों के सहयोग से आप मुश्किल कार्यों को भी आसानी से पूरा कर पाएंगे।

**सिंह राशि :** कुछ मित्रों के सहयोग से व्यवसाय के मामले में नए स्रोत बनते नजर आएंगे। आमदनी बढ़ने से आपका मन प्रसन्न रहेगा और अचानक बड़ी मात्रा में धन प्राप्त होने की संभावना भी बनी हुई है। इसी के चलते आपके मनोबल में भी वृद्धि होगी।

**कन्या राशि :** कार्यक्षेत्र में अपने काम को समय पर पूरा करने के लिए आपको अधिक मेहनत करनी होगी। इससे आपकी अपेक्षा के अनुसार आय में वृद्धि भी हो सकती है। लेकिन विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर आपको क्रोध से बचना होगा।

**तुला राशि:** आपको कार्यस्थल पर अपनी इच्छा के विरुद्ध कोई कार्य करना पड़ सकता है। इससे कुछ समय के लिए आप असहज भी महसूस करेंगे। आर्थिक मामलों में भी सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अचानक खर्च बढ़ने की संभावना है। जो लोग नौकरी करते हैं

**वृश्चिक राशि :** आर्थिक मामलों में दिन अच्छा रहने वाला है। अगर लंबे समय से आपका धन कहीं फंसा हुआ था, तो अब वह वापस मिल सकता है। साथ ही, कार्यक्षेत्र में आपको किसी खास व्यक्ति का सहयोग मिल सकता है और व्यापार में लाभ कमाने के मौके मिलेंगे।

**धनु राशि :** आपको कार्यस्थल पर अपने महत्वपूर्ण काम को पूरा करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है और कुछ कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर संयम रखना जरूरी होगा और कटु वाणी के प्रयोग से भी बचें।

**मकर राशि :** समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। वहीं, उत्तम संपत्ति प्राप्त होने के भी शुभ संयोग बन रहे हैं। आर्थिक मामलों में आपको भाग्य पूर्ण साथ मिलेगा और धन में वृद्धि होने की संभावना है।

**कुंभ राशि :** कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। ऐसे में दिन भागदौड़ भरा रहने की संभावना है। संपत्ति का विस्तार और आय में वृद्धि होने के योग भी बन रहे हैं। लेकिन किसी निजी जीवन में क्रोध से बचना होगा, अन्यथा जीवनसाथी के साथ मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं।


**मीन राशि :** दिन मिश्रित फल प्रदान करने वाला रहेगा। संपत्ति के मामले में आपको कुछ धन खर्च करना पड़ सकता है। इससे आय के नए स्रोत विकसित होने के योग भी बने हुए हैं। व्यापार से जुड़ा कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। राजनीति के क्षेत्र में संपर्क बढ़ने से लाभ मिलने की संभावना है। व्यवसाय में निवेश से लाभ हो सकता है और परिवार में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# किसानों के हित में तनकर खड़ा भारत, देश ने साफ कर दिया अमेरिका को नहीं मिलेगी रियायत

> ‘अमेरिका में एक प्रतिशत भू-भाग में जीएम मक्का की खेती की गई जिसने 50 प्रतिशत गैर जीएम खेती को संक्रमित कर दिया। उत्पादन बढ़ाने की होड़ में चीन ने भी अपनी जमीन पर धान एवं मक्के की खेती की मगर पांच-छह वर्षों में ही वहां के किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। वर्ष 2014 के बाद वहां से जीएम खेती लगभग बंद करनी पड़ी।’

पाकिस्तान... पा अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत की अनिश्चितता के बीच स्वतंत्रता दिवस समारोह पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से यह स्पष्ट किया कि वह किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों की रक्षा में दीवार की तरह खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत उनके हितों से कभी कोई समझौता नहीं करेगा। पीएम मोदी की यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) में कृषि और डेरी क्षेत्रों में भारत से शुल्क में रियायत मांग रहा है। इससे पहले पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संदेश देते हुए कहा था कि भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेरी क्षेत्र के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि आवश्यक हुआ तो वह व्यक्तिगत रूप से बड़ी कीमत चुकाने को तैयार हैं प्रस्तावित बीटीए में अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और एथेनाल जैसे उत्पादों पर टैरिफ कम करने के साथ-साथ अमेरिकी डेरी उत्पादों की भारत में पहुंच बढ़ाने की मांग कर रहा है। ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों के आयात पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त सीमा शुल्क लगाने के आदेश के बाद पीएम मोदी का यह वक्तव्य और भी महत्वपूर्ण हो गया है। हालांकि ट्रंप का यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा, जिसके बाद



कुल टैरिफ दर 50 प्रतिशत हो जाएगी। अमेरिका भारत में अपने कृषि उत्पादों के लिए बाजार चाहता है, लेकिन भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह डेरी क्षेत्र और जीएम सोयाबीन और मक्का के लिए अपना बाजार नहीं खोलेगा। अमेरिका में पशु आहार का उपयोग डेरी क्षेत्र में किया जाता है। भारत ने इस क्षेत्र में अपने पहले के किसी भी व्यापार समझौते में कभी भी शुल्क की कोई रियायत नहीं दी है। भारत में सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाएं भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके अलावा अमेरिका द्वारा मवेशियों को पशु उत्पाद खिलाने की प्रथा को लेकर भी चिंताएं हैं, जो स्थानीय मानदंडों और सुरक्षा संबंधी धारणाओं का उल्लंघन करती हैं। डेरी क्षेत्र में धार्मिक भावनाएं जुड़ी हुई हैं, क्योंकि प्रतिबंधित मांस पदार्थों का इसमें प्रयोग होता है, इसलिए यह स्वीकार्य नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी के कड़े रुख अपनाने के कारण कृषि और देश के स्वाभिमान से जुड़े प्रश्नों को दरकिनार कर किसी समझौते की संभावना मुश्किल है। अमेरिका का आग्रह चीन को अपने निर्यात में गिरावट को लेकर उसकी चिंता से उपजा है। अमेरिका के सोयाबीन निर्यात में चीन का लगभग 55 प्रतिशत और मक्का निर्यात में 20 प्रतिशत हिस्सा है। अमेरिका भारत से संपर्क करके अपने खरीदार आधार का विस्तार करना चाहता है। कृषि व्यापार में भारत का अमेरिका को निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 6.25 अरब डालर रहा, जो 2023-24 में 5.52 अरब डालर था। वहीं कैलेंडर वर्ष 2023 में अमेरिका का भारत को निर्यात 37.3 करोड़ डालर था। वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को भारत का कुल निर्यात 86.51 अरब डालर था, जबकि अमेरिका से आयात कुल 45.69 अरब डालर था। आज भारत एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है, जहां वह एक छोर से द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर पहुंचने की कोशिश कर रहा है, जिससे उसे ट्रंप की टैरिफ व्यवस्था से मुक्ति मिल सके। भारत के लिए कपड़ा, चमड़ा, जूते-चप्पल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए राहत सुनिश्चित करना एक प्राथमिक लक्ष्य बना हुआ है। इसी बीच पैकेज के हिस्से के रूप में जीएम सोयाबीन और मक्का के निर्यात को शामिल करने के अमेरिका के आग्रह ने वार्ता पर लंबी छाया डाल दी है। अमेरिका से व्यापार वार्ता में जीएम फसलें भी एक सीमा रेखा बनी हुई हैं। भारत ने वैश्विक बाजार में एक गैर-जीएम उत्पादक के रूप में विशेष रूप से सोया, खली निर्यात में एक विशिष्ट स्थान बनाया है, जहां खरीदार सक्रिय रूप से प्राकृतिक किस्मों की तलाश करते हैं। भारत में मक्का से एथेनाल कम मात्रा में बनता है और अधिकतम मानव आहार के रूप में उपयोग किया जाता है। जब पंजाब के लोग नशा विरोधी आंदोलन में पूरी तरह डूबे हुए हैं, तब जीएम के जरिए पंजाब की मिट्टी, पानी और हवा को और जहरीला बनाने की कोशिश बेहद निंदनीय है। पर्यावरण मंत्रालय की जेनेटिक इंजीनियरिंग अनुमोदन समिति ने इसे मंजूरी देने से इन्कार कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी इसे अप्राकृतिक बता चुका है। भारत में अभी तक केवल जीएम फसलों के रूप में बीटी कपास की ही व्यावसायिक खेती हो रही है। 2010 में बीटी बैंगन को भी मंजूरी दिलाने की कवायद शुरू हुई थी, पर नौ राज्य सरकारों, कई पर्यावरण विशेषज्ञों, कृषि विशेषज्ञों, बुद्धिजीवियों और किसानों के व्यापक विरोध के कारण सरकार को अपना कदम वापस लेना पड़ा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इसके विरोध में आ गए हैं। विश्व के अन्य भागों में भी जीएम फसलों के परीक्षण अच्छे साबित नहीं हुए हैं। अमेरिका में एक प्रतिशत भू-भाग में जीएम मक्का की खेती की गई, जिसने 50 प्रतिशत गैर जीएम खेती को संक्रमित कर दिया। उत्पादन बढ़ाने की होड़ में चीन ने भी अपनी जमीन पर धान एवं मक्के की खेती की, मगर पांच-छह वर्षों में ही वहां के किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। वर्ष 2014 के बाद वहां से जीएम खेती लगभग बंद करनी पड़ी। इसे देखते हुए भारत का अपने किसानों के हित में अमेरिका के सामने सख्त रुख अपनाना समय की मांग है।

# सड़क के कुत्तों को डॉग शेल्टर होम में रखने के सुप्रीम आदेश के व्यवहारिक मायने दिलचस्प

**कमलेश पांडेय**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने गत सोमवार को दिल्ली-एनसीआर के इलाकों से सड़क के कुत्तों को पकड़ने और उन्हें डॉग शेल्टर में रखने का निर्देश दिया है, उसके व्यवहारिक मायने दिलचस्प हैं जबकि कतिपय नेताओं व पशु प्रेमियों ने इस सुप्रीम आदेश की सड़क छाप मुखालफत शुरू कर दी है। देखा जाए तो यह प्रेम या घृणा का मामला नहीं है बल्कि वह सामाजिक न्यायिक पहल है जिससे सबका लोकतंत्र सुनिश्चित होता है, खासकर उन बच्चों-बुजुर्गों का जिन्हें इनसे सर्वाधिक खतरा रहता है। इसी भय से कई बार वे अकेले पार्क या पड़ोस में जाने से घबराते हैं। दरअसल, कोर्ट ने ऐसा आदेश कुत्तों के काटने और रेबीज के खतरे के बढ़ने के मद्देनजर स्वतः संज्ञान लेते हुए उक्त आदेश दिया है। इसलिए वह आलोचना नहीं बल्कि बधाई का पात्र हैं। इससे मीडिया रिपोर्ट्स की गंभीरता और प्रासंगिकता भी परिपुष्ट हुई है। मेरी व्यक्तिगत राय है कि इसका दायरा बढ़ाकर इसमें बंदरों और उन जानलेवा आवारा जानवरों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए। सच कहूं तो सभ्य समाज के लिए खतरा बनते जा रहे स्ट्रीट क्रिमिनल्स और स्ट्रीट बायस्ड पॉलिटिकल एक्टिविस्ट, जिनकी लोकल थानों व पुलिस चौकियों से सांठगांठ होती है, यदि इन जैसों के खिलाफ भी ऐसा ही सुप्रीम आदेश निर्गत हो जाए तो सभ्य समाज का भला हो जाएगा क्योंकि कोई भी लोकतंत्र उन असभ्य लोगों को आजादी का अधिकार नहीं दे सकता जो कि समाज के अन्य वर्गों के लिए खतरा बनते जा रहे हों। संभव है कि भविष्य में न्यायालय इन विडंबना भरे सामाजिक स्थितियों पर भी गौर करेगा और बेलगाम राजनीतिक व प्रशासनिक हुक्मरानों को समाज के प्रति उसी तरह से संवेदनशील बनाएगा, जैसा कि उसके ताजा निर्णयों से महसूस किया जाता है। बताते चलें कि अपने आदेश



में कोर्ट ने साफ कहा है कि सरकार, एमसीडी और एनडीएमसी को अगले 6-8 हफ्तों में शेल्टर रूम की शुरूआत करनी होगी क्योंकि यहां स्थिति बेहद गंभीर है। लिहाजा, कुत्तों के काटने की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन को तुरंत एहतियाती कदम उठाने की जरूरत है। लगे हाथ कोर्ट ने पशु प्रेमियों को यह दो टूक चेतावनी भी दे दी है कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन इन आवारा कुत्तों को पकड़ने में बाधा डालेगा तो उसके खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वाकई, कोर्ट ने साफ-साफ कहा है कि किसी भी कीमत पर शिशु और छोटे बच्चे रेबीज के शिकार नहीं होने चाहिए। उल्लेखनीय है कि जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने स्पष्ट कहा है कि इस कार्रवाई से लोगों में यह भरोसा पैदा होना चाहिए कि वे बिना डर के स्वतंत्र रूप से घूम सकें, बिना इस भय के कि कोई सड़क का कुत्ता उन्हें काट लेगा। इस प्रकार देखा जाए तो कोर्ट के फैसले की कुछ अन्य अहम बातें इस प्रकार हैं- पहला, कोर्ट ने सड़क के कुत्तों को गोद लेने की दलील खारिज करते हुए स्पष्ट कहा है कि सड़क के कुत्ते अचानक पालतू नहीं बन सकते। इसलिए इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती है। दूसरा, मानव जीवन और सुरक्षा सबसे पहले है। इसलिए तुरंत कदम उठाए जाने चाहिए। तीसरा, रोजाना पकड़े गए और शेल्टर में रखे गए कुत्तों का रेकॉर्ड बनाएं। चतुर्थ, एक सप्ताह के भीतर हेल्पलाइन बनाई जाए ताकि कुत्ता-काटने के मामलों की रिपोर्ट हो सके। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट रूप से पूछा है कि, क्या एनिमल एक्टिविस्ट और 'कथित पशु प्रेमी' उन बच्चों को वापस ला पाएंगे जो रेबीज का शिकार हो गए। बता दें कि कोर्ट ने गत 28 जुलाई को स्वतः संज्ञान लेते हुए यह मामला उठाया था, जब एक रिपोर्ट में दिल्ली-एनसीआर में रेबीज के बढ़ते मामलों, बच्चों और बुजुर्गों की मौत पर चिंता जताई गई थी। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में सड़क के कुत्तों को शेल्टर होम में भेजने के आदेश के एक दिन बाद, सुप्रीम कोर्ट ने एक और नया सर्कुलर जारी किया। कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट परिसर में बचे खाने को खुले में न फेंकें। उसे सिर्फ ढक्कन लगे कूड़ेदान में डालें जिससे कि जानवरों के काटने की घटनाओं से बचा जा सके। सर्कुलर में इस मामले में नोटिस लिया गया कि सुप्रीम कोर्ट परिसर में गलियारों और लिफ्ट के अंदर कुत्तों के घूमने की घटनाओं में 'काफी' बढ़त देखी गई है। वहीं, यह सबकुछ करते हुए भी कोर्ट की भाषा विनम्र है और उसने विजिटर्स से भी निर्देश लागू करने में सहयोग मांगा है। जारी सर्कुलर में आगे कहा गया कि बचा हुआ सारा खाना सिर्फ कूड़ेदान में डाला जाए। किसी भी परिस्थिति में खुली जगह या बिना ढक्कन वाले बर्तनों में खाना नहीं फेंका जाना चाहिए। यह कदम जरूरी है जिससे कि जानवरों (सड़क के कुत्तों) को खाने की गंध से आकर्षित होकर इधर-उधर घूमने से रोका जा सके। कोर्ट ने माना कि इससे काटने की घटनाओं का खतरा कम होगा और परिसर में साफ-सफाई भी बनी रहेगी। सभी आगंतुकों से इस निर्देश को लागू करने में सहयोग को कहा गया है। बता दें कि यह सब एक स्वस्थ सामाजिक आचरण है, लेकिन जब शिक्षक व प्रशासकों ने अपनी जिम्मेदारी स्वतः न समझी और सामाजिक स्थिति बद से बदतर होती गई तो कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। उधर, कोर्ट के आदेश पर नेताओं का अलग-अलग नजरिया सामने आया है। सड़क के कुत्तों को शेल्टर होम भेजने के सुप्रीम आदेश के खिलाफ कई नेताओं, संगठनों और बॉलिवुड सितारों ने आवाज बुलंद की है। एक ओर जहां दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस फैसले पर साफ कहा है कि सरकार जल्द ही एक स्ट्रीट डॉग नीति लेकर आएगी और योजनाबद्ध तरीके से कोर्ट के आदेश को लागू करेगी क्योंकि दिल्ली के लोग इससे तंग आ चुके हैं। इसलिए हम इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं क्योंकि हम लोगों को राहत देना चाहते हैं। चूंकि सड़क के कुत्तों की समस्या विकराल रूप ले चुकी है, इसलिए हम एक नीति बनाएंगे और लोगों को राहत देंगे। वहीं, दूसरी ओर पशु अधिकार कार्यकर्ता मेनका गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसला की आलोचना करते हुए कहा कि, 'हमें तो पहले से ही ऐसी ही उम्मीद थी। अब, अगर इस आदेश का पालन किया जाता है तो दिल्ली में तीन लाख कुत्तों को पकड़कर केंद्रों में रखना होगा। दिल्ली सरकार को 1,000-2,000 शेल्टर रूम बनाने होंगे क्योंकि बहुत सारे कुत्ते आपस में लड़ेंगे। उन्हें रोकने के माकूल प्रबंध करने होंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि इस फैसले में तार्किक सोच का अभाव है। बीजेपी सांसद गांधी ने इस मामले में पीएम से हस्तक्षेप की अपील की। जबकि कांग्रेस के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल और प्रियंका गांधी ने कहा कि इन्हें हटाना क्रूरता है। तृणमूल कांग्रेस ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर इस आदेश पर फिर से विचार की मांग की।

# ग्रामीण विकास को गति देती पंचायतें

**विजय गर्ग**

भारत में पंचायत को सुशासन की दृष्टि से देखें, तो लोक सशक्तीकरण इसकी पूर्णता है और लोक विकेंद्रीकरण की नजर से देखें, तो यह एक ग्रामीण स्वशासन की परिपाटी की पूर्ति है जो ग्रामीण विकास के लिए कहीं अधिक जरूरी है। इतना ही नहीं यह गांधी के ग्राम- स्वराज के सपने को भी बल देता है। सुशासन शांति और खुशहाली का परिचायक है। जबकि पंचायत एक ऐसी संस्था है जो ग्रामीण स्वराज को आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत में 6.65 लाख गांव हैं, जिनमें 2.68 लाख ग्राम पंचायतें और ग्रामीण स्थानीय निकाय हैं, जो देश के ग्रामीण परिदृश्य का आधार हैं। पंचायतें ग्रामीण विकास को गति दे ही रही हैं, आम आदमी की भी ताकत बन रही हैं।

केंद्रीय बजट 2025-26 में ग्रामीण विकास को रफ्तार देने और केंद्रित कार्यक्रमों तथा निवेशों के जरिए समृद्धि बढ़ाने के उद्देश्य से कई प्रमुख पहल की गई। मसलन वर्ष 2028 तक के लिए जीवन मिशन, ब्राडबैंड सुविधा, जिसका लक्ष्य यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक इंटरनेट पहुंच उपलब्ध हो तथा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाया जाए। इसके अतिरिक्त भारतीय डाक उद्यमियों, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम यानी एमएसएमई और स्वयं सहायता समूहों का समर्थन करने वाले एक प्रमुख सार्वजनिक 'लाजिस्टिक्स' संगठन के रूप में विकसित करना भी लक्ष्य है। ग्रामीण समृद्धि एवं अनुकूलन कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं, युवा किसानों, हाशिए पर पड़े समुदायों और भूमिहीन परिवारों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करना है।

पंचायत लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण का परिचायक है और सामुदायिक विकास कार्यक्रम इसकी नींव है। पंचायत जैसी संस्था की बनावट कई प्रयोगों और अनुप्रयोगों का भी नतीजा है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम का विफल होना और इसके बाद बलवंत राय मेहता समिति का गठन फिर वर्ष 1957 में उसी की रपट पर इसका मूर्त रूप लेना देखा जा सकता है। गौरतलब है कि जिस पंचायत को राजनीति से परे और नीति उन्मुख सजग प्रहरी की भूमिका में समस्या दूर करने का एक माध्यम माना जाता है, आज वही कई समस्याओं से जकड़ी हुई है। जिस पंचायत ने सबसे नीचे के लोकतंत्र को कंधा दिया हुआ है, वही कई जंजालों से मुक्त नहीं है, चाहे वित्तीय संकट हो या उचित नियोजन की कमी या फिर अशिक्षा, रूढ़िवादिता तथा पुरुष वर्चस्व के के साथ जाति और ऊंच-नीच के पूर्वाग्रह ही क्यों न हों। यह समस्या पिछले तीन दशकों में घटी तो है और इसी पंचायत यह सिद्ध भी किया है कि उसका कोई विकल्प नहीं है।

पंचायत की। व्याख्या में क्षेत्र विशेष में शासन करने का विशिष्ट अधिकार निहित है। इसी अधिकार से उन दायित्वों की पूर्ति होती है जो ग्रामीण प्रशासन के अंतर्गत स्वशासन का बहाव भरता है और ग्रामीण बदलाव की गाढ़ी रेखा खींचता है। वर्ष 1997 का नागरिक घोषणापत्र सुशासन का ही शिखर था और 2005 में सूचना का अधिकार इसी का अगला अध्याय इतना ही नहीं वर्ष 2006 की ई-गवर्नेंस योजना भी सुशासन की रूपरेखा को ही विस्तृत नहीं करती, बल्कि इनसे पंचायत को भी ताकत मिलती है। वर्ष 1992 में सुशासन की अवधारणा सबसे पहले ब्रिटेन में सामने आई थी। वर्ष 1991 में उदारीकरण के बाद इसकी पहल भारत में भी देखी गई। सुशासन के इसी वर्ष में पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक स्वरूप दिया जा रहा था। संविधान के 73वें संशोधन में जब इसे संवैधानिक स्वरूप दिया गया, तब वर्ष 1959 से राजस्थान के नागौर से यात्रा कर रही यह पंचायत रूपी संस्था नए आभामंडल से युक्त हो गई। वर्ष 1992 में हुए इस संशोधन को 24 अप्रैल 1993 को लागू किया गया।

स्वशासन के संस्थान के रूप में इसकी व्याख्या दो तरीके से की जा सकती है।

# मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र भारी बारिश, 7 जिलों के लिए रेड अलर्ट, स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी

**भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले पांच दिनों के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है और मुंबई समेत राज्य के सात जिलों के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके बाद महानगर के सभी स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया गया।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः जून और जुलाई में महाराष्ट्र से गायब हुई बारिश अगस्त से जोरदार हो रही है और राज्य के ज्यादातर जिलों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। इसके कारण कोंकण और मराठवाड़ा जिलों में बाढ़ आ गई है और भारी नुकसान हुआ है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले पांच दिनों के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है और मुंबई समेत राज्य के सात जिलों के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके बाद महानगर के सभी स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया गया। वहीं बृहन्मुंबई महानगर पालिक (बीएमसी) ने भी लोगों से अपील की है कि वे केवल आवश्यक कार्य के लिए ही घरों से बाहर निकलें। किन इलाकों में बारिश का रेड अलर्टमौसम विभाग के अनुसार, आज राज्य के मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी, पुणे जिले के घाट इलाके, सतारा जिले के घाट इलाके, कोल्हापुर जिले के घाट इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। 18 अगस्त से 22 अगस्त के बीच मुंबई रीजन में भारी बारिश की संभावना है। यह पूर्वानुमान पालघर, ठाणे, मुंबई, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के लिए है। यह अपडेट आईएमडी की कोलाबा वेधशाला की ओर से 18 अगस्त को सुबह 11:30 बजे जारी किया गया।

# अगले 24 घंटों के लिए राज्य में रेड अलर्ट, कोंकण तट पर ऊँची लहरों की चेतावनी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , अगले 24 घंटों के लिए मुंबई, रायगढ़, रत्नागिरी जिलों के साथ-साथ पुणे घाट, सतारा घाट और कोल्हापुर घाट क्षेत्रों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। जबकि पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग, जलगाँव, छत्रपति संभाजीनगर, जालना, बीड, लातूर, अमरावती, चंद्रपुर और गढ़चिरौली क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया है कि आपदा को देखते हुए जिला प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। कोंकण तट के लिए ऊँची लहरों की चेतावनी दी गई है।भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा ने मुंबई शहर, मुंबई उपनगरों, ठाणे, रत्नागिरी जिलों के लिए 18 अगस्त 2025 रात 11:30 बजे से 20 अगस्त 2025 रात 8:30 बजे तक और पालघर, रायगढ़ और सिंधुदुर्ग जिलों के लिए 19 अगस्त 2025 सुबह 8:30 बजे से 20 अगस्त 2025 रात 8:30 बजे तक 3.5 से 4.3 मीटर ऊँची लहरों की चेतावनी जारी की है। मछुआरों को इस दौरान समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है क्योंकि समुद्र की स्थिति अशांत है और हवाएँ 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ़्तार से चल सकती हैं। समुद्र के कटाव और तट से ऊँची लहरों के टकराने की चेतावनी जारी की गई है। सभी जिला प्रशासनों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

भारतीय मौसम विभाग ने 18 अगस्त 2025 रात 11:30 बजे से 20 अगस्त 2025 रात 8:30 बजे तक मुंबई शहर, मुंबई उपनगरों, ठाणे और रत्नागिरी जिलों के लिए तेज लहरों की चेतावनी जारी की है। 21 अगस्त को भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है और नागरिकों को इस बारे में सचेत कर दिया गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने भी बताया है कि भारी बारिश की चेतावनी के कारण भूस्खलन की आशंका के चलते जिला प्रशासन को सभी आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया गया है।रत्नागिरी जिले में जगबुड़ी, शास्त्री और कोडावली नदियाँ चेतावनी स्तर को पार कर गई हैं और रायगढ़ जिले में कुंडलिका नदी चेतावनी स्तर को पार कर गई है और जिला प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। एनडीआरएफ की एक टीम खोज और बचाव अभियान के लिए बीड तालुका के परली कौडगाँव भेजी गई है। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की एक टीम नांदेड़ तालुका के मुखेड़ हलानी गाँव में तैनात की गई है और उस क्षेत्र में काम कर रही है। आईएमडी, एनआरएससी जैसे केंद्रीय संगठनों से लगातार संपर्क करके अगले मौसम पूर्वानुमान की जानकारी सभी जिलों तक पहुँचाई जा रही है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र द्वारा यह भी बताया गया है कि SACHET प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करके नागरिकों को एसएमएस/सूचना के माध्यम से मौसम संबंधी अलर्ट भेजे जा रहे हैं।

फास्ट ट्रैक

# मध्य रेल और मुंबई रेलवे विकास निगम (एमआरवीसी) की टीम ने लगातार बारिश के बावजूद 2 घंटे 10 मिनट के रिकॉर्ड समय में 7 गर्डरों को सफलतापूर्वक लॉन्च किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल और मुंबई रेलवे विकास निगम (एमआरवीसी) लिमिटेड की एक संयुक्त टीम ने लगातार बारिश के बावजूद 2 घंटे 10 मिनट के रिकॉर्ड समय में 7 गर्डरों को लॉन्च करने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। लगभग 100 रेल कर्मियों और संविदा कर्मचारियों के साथ-साथ तकनीकी रूप से सक्षम पर्यवेक्षकों और पर्याप्त अनुभवी अधिकारियों की इस टीम ने भांडुप स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) के निर्माण के लिए दिनांक 17.8.2025 (शनिवार/रविवार मध्यरात्रि) के 01.15 बजे से दिनांक 17.8.2025 (रविवार सुबह) के 03.15 बजे तक मूसलाधार बारिश में मिलकर काम किया। दिन के दौरान मेल, एक्सप्रेस और उपनगरीय रेल सेवाओं की आवाजाही प्रभावित न हो, इसके लिए मध्यरात्रि के समय अप और डाउन फास्ट लाइनों तथा पाँचवीं और छठी लाइन पर ब्लॉक लिया गया। इस कार्य में 450 मीट्रिक टन क्रेन और हाइड्रा क्रेन का उपयोग किया गया। गर्डर्स को लॉन्च करने का कार्य अपने आप में एक अत्यंत दुरूह कार्य है, जिसमें अत्यंत चुनौतीपूर्ण वातावरण शामिल है, और भारी वर्षा ने इसे और भी चुनौतीपूर्ण बना दिया है। मध्य रेल और एमआरवीसी की टीम ने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सटीकता और समर्पण के साथ लगन और परिश्रम का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# वसई-विरार शहर मनपा की सीमाओं में विस्तार को लेकर अंतिम मुहर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

महाराष्ट्र राज्य सरकार ने वसई-विरार शहर मनपा की सीमाओं में विस्तार को लेकर अंतिम मुहर लगा दी है। नगर विकास विभाग ने गुरुवार को इसकी अंतिम अधिसूचना जारी कर दी, जिसके तहत कुल २९ गांवों को वसई-विरार मनपा में शामिल किया गया है। इस निर्णय के बाद मनपा का क्षेत्रफल काफी बढ़ गया है और इन क्षेत्रों के नियोजित विकास का रास्ता साफ हो गया है।




यह निर्णय महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम के अंतर्गत राज्य सरकार को प्राप्त अधिकारों का उपयोग करते हुए लिया गया है। इससे पहले, २४ फरवरी २०२४ को इन गांवों को मनपा में शामिल करने संबंधी प्राथमिक अधिसूचना जारी कर नागरिकों से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। इसके बाद कोकण विभागीय आयुक्त द्वारा जनसुनवाई कर शासन को रिपोर्ट सौंपी गई थी। रिपोर्ट में प्राप्त सुझावों और आपत्तियों की समीक्षा के बाद सरकार ने इन सभी २९ गांवों को महानगरपालिका में शामिल करने की मंजूरी दे दी है।

# राज्य में भारी बारिश के मद्देनजर सभी एजेंसियों को सतर्क रहने के मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश


भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई , मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज मंत्रालय स्थित राज्य आपदा प्रबंधन कक्ष में पूरे राज्य में बारिश की स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री गिरीश महाजन, मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार, मुख्य सचिव राजेश कुमार, जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपक कपूर, आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सोनिया सेठी, कृषि विभाग के प्रमुख सचिव विकास चंद्र रस्तोगी, लोक निर्माण विभाग के सचिव संजय दशपुते और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी संभागीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया। बैठक में संभागीय आयुक्तों ने अपने विभागों में हुई बारिश की जानकारी प्रस्तुत की। रत्नागिरी, रायगढ़ और हिंगोली जिलों में अधिक बारिश हुई है और मौसम विभाग ने 17 से 21 अगस्त के बीच भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसलिए, मुख्यमंत्री ने अगले कुछ दिनों तक सतर्क रहने के आदेश दिए हैं। पिछले दो दिनों में राज्य में विभिन्न घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई है। कोंकण की कुछ नदियाँ खतरे के निशान को पार कर गई हैं और जलगाँव में भारी नुकसान हुआ है। अलमट्टी के संबंध में कर्नाटक सरकार से लगातार संपर्क बनाए रखा जा रहा है और फिलहाल कोई खतरा नहीं है, फिर भी मुख्यमंत्री ने व्यवस्था को सतर्क रहने का आदेश दिया है। मुखेड़ में स्थिति नियंत्रण में आ गई है और विष्णुपुरी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। छत्रपति संभाजीनगर संभाग के 800 गाँव प्रभावित हुए हैं। दक्षिण गढ़चिरौली में प्रशासन अलर्ट पर है। अकोला, चंदूर रेलवे, मेहकर, वाशिम में स्थिति सामान्य हो रही है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, विदर्भ में 2 लाख हेक्टेयर में फसलों को नुकसान पहुँचा है।मुंबई में आज सुबह से केवल आठ घंटों में 170 मिमी बारिश हुई है। शहर में जलभराव के कारण दो स्थानों पर यातायात प्रभावित हुआ है। रेलवे, मेट्रो और अन्य यातायात सुचारू रूप से चल रहे हैं। अगले 10 से 12 घंटे मुंबई के लिए बेहद अहम हैं और मुख्यमंत्री ने प्रशासन को इस पर ध्यान देने का आदेश दिया है। स्थानीय प्रशासन और नगर पालिकाओं को कल के मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए स्कूलों की छुट्टियां घोषित करने का अधिकार दिया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा नागरिकों को दिए गए निर्देशों में, उनसे एसएमएस अलर्ट भेजते समय सटीक समय का उल्लेख करने, अलर्ट को गंभीरता से लेने और अपना ध्यान रखने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि तत्काल मदद के लिए मंत्रालय से संपर्क करने की कोई आवश्यकता नहीं है, स्थानीय स्तर पर धनराशि और अधिकार दिए गए हैं। घर गिरने की स्थिति में सहायता प्रदान करने और पंचनामा तैयार करने के भी निर्देश दिए गए। खतरे का स्तर बढ़ने से पहले अन्य राज्यों से संपर्क करने को कहा गया। पर्यटन स्थलों पर पुलिस सतर्क रहे, भूस्खलन वाले क्षेत्रों में पहले से ही व्यवस्थाएँ सक्रिय कर दी जाएँ और आश्रय केंद्रों में भोजन, स्वच्छ पानी और कपड़ों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस आशय के आदेश दिए।

# मैं सौम्या अवस्थी हूं, चंडीगढ़ से..., मुंबई में सेक्सटॉर्शन में फंस गया डॉक्टर, 94 लाख का लगा चूना, आप भी सिर पकड़ लेंगे

**मुंबई में सेक्सटॉर्शन का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। एक लड़की ने एमबीबीएस स्टूडेंट बनकर मुंबई के डॉक्टर को अपने जाल में ऐसा फंसाया कि डॉक्टर के होशो हवास ही नहीं रहा। डॉक्टर ने हुस्न के जाल में आकर 94 लाख रुपये गंवा दिए।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई में सेक्टॉर्शन का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। इसमें फंसने के बाद डॉक्टर ने एक दो नहीं बल्कि 94 लाख रुपये की मोटी रकम गंवा दी। डॉक्टर की शिकायत पर अब मुंबई पुलिस की साइबर सेल ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की है। इतनी मोटी रकम गंवाने के बाद भी डॉक्टर के पास उसे ठगने वाली हसीना की पुख्ता जानकारी नहीं है। ऐसे में साइबर सेल ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करके तहकीकात शुरू की है। पुलिस भी इस पूरे मामले से हैरान है कि कैसे कोई मेडिकल पेशेवर इस तरह के झांसे मं आ सकता है। फरवरी में हुई मुलाकातपुलिस के अनुसार पीड़ित डॉक्टर ने बताया कि फरवरी 2025 में सोशल मीडिया पर सौम्या अवस्थी नाम की महिला से मुलाकात हुई थी। सौम्या ने बातचीत में खुद को चंडीगढ़ से एमबीबीएस छात्रा बताया था। शुरूआती परिचय के बाद दोनों ने नंबर साझा किए और बातचीत शुरू हुई। महिला ने अकेलापन जताते हुए उपहार मांगने शुरू किए और डॉक्टर ने उसके बताए बैंक खाते में पैसे टांसफर किए। डॉक्टर ने बताया है कि बाद में दोनों के बीच 'सेक्स चैट' शुरू हुई। जहां महिला ने अपनी नग्न तस्वीरें भेजीं और डॉक्टर से भी अंतरंग तस्वीरें मांगी, जो उन्होंने साझा कर दीं।उस दिन नहीं थी कोई उड़ानडॉक्टर ने बताया है कि तीन महीने की चैटिंग के बाद मई में महिला ने दावा किया कि वह मुंबई आ रही है और डॉक्टर ने उसके लिए बिजनेस क्लास टिकट के पैसे दिए, लेकिन बाद में पता चला कि उस दिन कोई उड़ान नहीं थी।

# पालघर में भारी बारिश का अलर्ट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

1)भारतीय मौसम विभाग ने 21 अगस्त तक पालघर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वसई-विरार और नालासोपारा में बीते कुछ दिनों से लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। वसई-विरार में लगातार बारिश से निचले इलाकों में जलभराव हो गया है।हालांकि, वसई-विरार महानगरपालिका (VVMC) की टीमें हालात से निपटने के लिए सक्रिय हैं।मनपा आयुक्त मनोजकुमार सूर्यवंशी ने आज क्षेत्र का दौरा कर अधिकारियों को तुरंत उपाय करने के निर्देश दिए। 54 पंप चालू किए गए हैं, सफाई, कीटनाशक छिड़काव और स्वास्थ्य सेवाएं तेज की गई हैं। लोगों ने तेज कार्रवाई की मांग की है।प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि बहुत आवश्यक हो तब घर से बाहर निकलें। आपात स्थिति में नागरिक 24७7 आपदा प्रबंधन केंद्र (0250-2334546/47, 7058911125) से संपर्क करें।



2)पालघर जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने 19 अगस्त को जिले की सभी आंगनवाड़ी, स्कूल और कॉलेजों में छुट्टी घोषित की है। यह फैसला आपदा प्रबंधन कार्यों के तहत लिया गया है। हालांकि शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित रहेंगे और प्रशासन के निर्देशानुसार कार्य करेंगे।

# वसई विरार महानगरपालिका क्षेत्र में पिछले दो-तीन दिन से लगातार हो रही तेज बारिश से नालासोपारा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

वसई ,विरार क्षेत्र के निचले इलाकों में विशेष रूप से सड़कों पर जल भरा हुआ है। नालासोपारा के नागिन दास पाड़ा, विजयनगर, तूलिंज पुल ब्रिज, गाला नगर जैसे इलाकों में सड़क पानी से डूबी हुई है जिसके चलते आम जनता का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है यातायात और सुविधा के कारण वाहनों और पैदल यात्रियों का चलना मुश्किल हो गया है ऐसा नहीं है कि यह घटना पहली बार है नागरिकों को पिछले 30 वर्षों से इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# सिरदर्द है कृषि मंत्रालय...अजित पवार के मंत्री दत्तात्रेय भरणे को नहीं पसंद आई नई जिम्मेदारी

**महाराष्ट्र में कृषि मंत्रालय को लेकर विवाद खत्म होता नहीं दिख रहा है। विधानसभा में अंदर मोबाइल पर रमी गेम खेलने के बाद माणिकराव कोकाटे से सीएम ने विभाग छीन लिया था। इसके बाद दत्तात्रेय भरणे को यह विभाग दे दिया गया था। भरणे ने खेल विभाग को अच्छा बताया है, हालांकि अजित पवार ने इशारों में नसीहत दे दी है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महायुति सरकार में कृषि मंत्रालय चर्चा का विषय बना हुआ। विधानसभा सदन में अंदर मोबाइल पर रमी गेम खेलने पर माणिकराव कोकाटे से कृषि विभाग छीन लिया गया था। मुख्यमंत्री ने यह विभाग अजित पवार गुट के मंत्री दत्तात्रेय भरणे को दे दिया था और कोकाटे को खेल मंत्री बना दिया था। ऐसा लगता है कि कृषि विभाग मिलने से मंत्री दत्तात्रेय भरणे भी खुश नहीं हैं। भरणे का कहना है कि खेल मंत्रालय ही अच्छा था। कृषि मंत्रालय में बहुत सिरदर्द है। तो वहीं दूसरी ओर अजित पवार ने कहा है कि राज्य के गठन से ही यह स्पष्ट है कि पालक मंत्री, मंत्री, राज्य मंत्री अथवा किसी को भी कौन सा विभाग देना है। यह मुख्यमंत्री तय करते हैं। ऐसे में इस विषय पर विवाद करने का कोई कारण नहीं है। महाराष्ट्र में उप मुख्यमंत्री के तौर पर खुद अजित पवार ही वित्त विभाग संभाल रहे हैं। उन्होंने 2025-26 के लिए 9,710 करोड़ का बजट आवंटित किया है।


**पहले कोकाटे ने भी थी टिप्पणी?**

दत्तात्रेय भरणे अभी तक खेल विभाग संभाल रहे थे। रमी खेलने पर कृषि विभाग गंवाने वाले माणिकराव कोकाटे ने भी एक बार टिप्पणी की थी। तब उन्होंने कृषि मंत्रालय को उजाड़ गांव की जमीदारी बताया था, उनके इस बयान पर काफी बवाल हुआ था। गौरतलब हो कि महाराष्ट्र में किसानों की स्थिति काफी सालों से खराब है। 79वें स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त पर राज्य के कई जगहों पर किसानों का विरोध और समाधि लेने के मामले सामने आए थे। अब मंत्री दत्तात्रेय भरणे कृषि मंत्रालय को सिरदर्द बता कर नया विवाद खड़ा कर दिया है। उनके बयान से ऐसा लग रहा है कि महाराष्ट्र में किसानों की तरह कृषि मंत्रालय की भी हालत खराब चल रही है। आने वाले दिनों में भरणे का बयान विवाद का कारण बन सकता है।

# सतर्क मध्य रेल के मोटरमैन ने रेल की पटरियों के पास सो रहे व्यक्ति की जान बचाई

**मध्य रेल के मोटरमैन, श्री एस. के. खैरनार ने 15 अगस्त, 2025 की सुबह पारसिक लाइन पर रेल की पटरियों के पास सो रहे एक व्यक्ति की जान बचाई।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



श्री खैरनार, जो सानपाड़ा से दिवा तक एक खाली रेक को सेवा में शामिल करने के लिए ड्यूटी पर थे, ने पारसिक लाइन सेक्शन में रेल की पटरियों के पास सो रहे एक व्यक्ति को देखा। उन्होंने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन को उस व्यक्ति से कुछ मीटर पहले ही रोक दिया। मोटरमैन द्वारा उस व्यक्ति से मौखिक रूप से अपनी जान जोखिम में डालने वाला कदम न उठाने और रेल की पटरियों से दूर हटने की अपील करने के बाद ट्रेन आगे को रवाना हुई।

उस व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ क्योंकि आने वाली ट्रेन एक खाली रेक थी। अगर ट्रेन यात्रियों से भरी होती, तो उस व्यक्ति को बचाने की संभावना बहुत कम होती क्योंकि आपातकालीन ब्रेक यात्रियों से भरी ट्रेन में लगाना, यात्रियों के लिए असुरक्षित होता।

दूसरी बात, अगर यात्रियों के साथ 90 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही ट्रेन में आपातकालीन ब्रेक भी लगा दिए जाएँ, तो इतनी कम दूरी पर उसे रोकना मुश्किल होगा।

अनधिकृत प्रवेश या अनजाने में ट्रैक के पास आने की ऐसी घटनाएँ संबंधित व्यक्ति/व्यक्तियों के जीवन और संरक्षा के लिए बेहद खतरनाक हैं।इसके अलावा, इससे मोटरमैन/लोकोपायलट पर बहुत अधिक तनाव पड़ता है और ड्यूटी पर तैनात रेलवे कर्मचारियों को मानसिक आघात पहुँचता है।

इससे पीछे वाली ट्रेनें एक साथ आ जाती हैं, जिससे देरी होती है और सेवाएँ बाधित होती हैं, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा होती है।

मध्य रेल यात्रियों से अपील करता है कि वे रेलवे ट्रैक पर अतिक्रमण करने, उस पर या उसके आस-पास चलने या ऐसी कोई भी गतिविधि करने से बचें जिससे उनकी जान और संरक्षा को खतरा हो और रेलवे को सुरक्षित, संरक्षित और समयबद्ध यात्रा का अनुभव प्रदान करने में मदद करें।

# मैं 90 साल का हो गया हूं... महाराष्ट्र में 'अन्ना जागो' स्लोगन वाले पोस्टर-बैनर लगने पर हजारे ने तोड़ी चुप्पी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणेः यूपीए-2 के कार्यकाल में दिल्ली के जंतर-मंतर और फिर रामलीला मैदान से बड़ा आंदोलन खड़ा करने समाजसेवी अन्ना हजारे का बड़ा बयान सामने आया है। महाराष्ट्र में अन्ना जागो के पोस्टर और बैनर लगने पर अन्ना हजारे ने पलटवार किया है। हजारे ने कहा कि जिस रंग का चश्मा होता है उसी रंग कर दिखता है। विरोध में पोस्टर लगाए जाने पर बोलते हुए बुजुर्ग समाजसेवी ने कहा कि वह 90 साल के हो गए हैं लेकिन वह आगे अपना जीवन समाज को ही समर्पित रखेंगे। महाराष्ट्र में लगे बैनरों में अन्ना हजारे से वोट चोरी आंदोलन की अगुवाई करने की अपील की गई है।

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**जोबनपुत्रा कंपाउंड, नाना चौक, मुंबई - 400 007.**
**एसीडी/ए.ई. (एसडब्ल्यूएम)/डी/485/दि. 14.08.2025**
**ईओआई**

सहायक आयुक्त, 'डी' वार्ड, जोबनपुत्रा कंपाउंड, नाना चौक, मुंबई - 400 007, एसएमपीए योजना अंतर्गत डी वार्ड की संपत्ति की सफाई कार्य हेतु एनजीओ मजदूर उपलब्ध कराने के लिए मोम से मुहरबंद उद्धरण आमंत्रित करते हैं.

कोरे उद्धरण प्रपत्र 'डी' वार्ड के सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) के पास किसी भी कार्यदिवस पर 18.08.2025 से 25.08.2025 के बीच प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे. डी वार्ड में इसी प्रकार का कार्य अनुभव रखने वाले उद्धरणकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी.

मोम से मुहरबंद उद्धरण सहायक आयुक्त, 'डी' वार्ड के कार्यालय में 25.08.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक जमा होने चाहिए और उसी दिन शाम 4.00 बजे खोले जाएंगे.

उद्धरण दस्तावेज डाक द्वारा नहीं भेजे जाएंगे.

हस्ता./-
सहायक अभियंता
(एसडब्ल्यूएम) डी वार्ड

पीआरओ/1300/विज्ञा./2025-26

**जलजन्य बीमारियों से बचाव के लिये पानी उबालकर और छानकर पियें.**

# रिफा महा निवेश सीजन 1 कार्यशाला का सफल आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , रिफा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित पहली रिफा महा निवेश सीजन 1 कार्यशाला का बड़े उत्साह के साथ मुंब्रा में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में देश के 8 राज्यों के 65 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया।प्रमुख विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने अनुभव से प्रतिभागी उद्यमियों को बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और इस्लामी वित्त विशेषज्ञ डॉ. शारिक निसार ने इस्लामी वित्त और निवेश पर एक सत्र का संचालन किया।उन्होंने निवेश के अवसरों, चुनौतियों और उनके समाधानों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।सीसीआई के राष्ट्रीय महासचिव मिर्जा अफजल बेग ने वैकल्पिक निवेश विकल्पों पर एक व्याख्यान दिया और व्यवसायों के लिए उपलब्ध विभिन्न अवसरों और उन्हें इस्लामी लोकाचार के साथ कैसे जोड़ा जा सकता है, इस पर प्रकाश डाला।समीर खान ( सीए ) ने वित्तीय और व्यावसायिक नियोजन विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया।उन्होंने निवेशकों को आकर्षित करने वाली एक ठोस वित्तीय योजना तैयार करने के मुख्य बिंदुओं और चुनौतियों पर चर्चा की।बिजनेस कंसल्टेंट, यजदानी फि रोज ने पिच डेक तैयार करने पर एक सत्र आयोजित किया।उन्होंने इस बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया कि निवेशक पिच डेक में क्या देखते हैं और एक प्रभावी प्रस्तुति कैसे तैयार करें।यह कार्यशाला रिफा के मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक व्यवसायों को निवेश के लिए तैयार करना और उन्हें नैतिक और शरिया-अनुरूप निवेश के अवसरों से जोड़ना है।



# अंबरनाथ में पुलिस विभाग और गणेशोत्सव सार्वजनिक मित्र मंडलों के बीच बैठक का आयोजन

## सुप्रीम कोर्ट और सरकार की गाइडलाइन का कड़ाई से किया जाएगा पालन।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ.महाराष्ट्र का सबसे बड़ा उत्सव गणेशोत्सव 27 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है और 6 सितंबर अनंत चतुर्दशी तक चलेगा। रविवार को अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में इस महापर्व को सुचारू रूप से चलाने और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के पालन के संदर्भ में रविवार को शहर के 21 सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक उल्हासनगर परिमंडल 4 डीसीपी सचिन गोरे के निदेर्शानुसार वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शबीर सैय्यद और अपराध शाखा के पी.आई.उमेश सावंत और जीतू चव्हाण के संचालन में हुआ। मंडलों के पदाधिकारियों को बताया कि इस बार भी गणेशोत्सव में डीजे पर पाबंदी रहेगी और रात 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार के ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रहेगा। सार्वजनिक पंडाल लगाने के लिए स्वीकृति लेनी होगी। यातायात व्यवस्था और आम नागरिकों को दिक्कत का सामना न करना पड़े इसका ध्यान रखना होगा। मंडलों को गणेश जी की मूर्ति की सुरक्षा के लिए स्वयंसेवक रखने होगे।विद्युत व्यवस्था के लिए महावितरण और अन्य व्यवस्थाओं के लिए नगरपालिका से अनुमति लेनी होगी। बैठक में बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और सरकार की गाइडलाइनों की अवहेलना न हो इसका ध्यान रखा जाए।उपस्थित सभी मंडलों के पदाधिकारियों ने सहमति जताते हुए कुछ बिंदुओं पर अपनी बात भी रखी।त्यौहार के दौरान कानूनों का पालन और शांति व्यवस्था कायम रखने और धार्मिक सौहार्द बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

फास्ट ट्रैक

# टेंपो पलटने से 6 लोग घायल

## नेशनल हाईवे पर हुई दुर्घटना, सभी को जिला अस्पताल किया रेफर



शाहजहांपुर, तिलहर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार शाम एक सड़क दुर्घटना हुई।नेशनल हाईवे पर गांव कपखेड़ा के पास टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 6 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल मदद की और घायलों को टेंपो से बाहर निकाला।सरकारी एंबुलेंस से सभी घायलों को तिलहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद सभी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायलों में ग्राम लोहानी दियूरियां के सर्वेश कुमार, ग्राम कपसेड़ा के दीनदयाल, ग्राम बाबूपुर नगरिया की माधुरी और संतोष कुमारी, रमापुर उत्तरी के बाबूराम और गोटिया के अजय शामिल हैं। सभी घायल तिलहर और आसपास के क्षेत्रों के निवासी हैं।

# पुवायां अस्पताल में गुटखा खाते मरीज पर कार्रवाई

## सीएमओ ने 500 रुपये का जुमार्ना लगाया; जल्द बनेगा ट्रॉमा सेंटर

शाहजहांपुर, पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में गंदगी देखकर उन्होंने चिकित्सा प्रभारी नरेंद्र पाल को साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक मरीज अस्पताल परिसर में गुटखा खाते हुए मिला। सीएमओ ने मरीज पर 500 रुपये का जुमार्ना लगाने के आदेश दिए। मरीज के पास मात्र 5 रुपये होने के कारण उतनी ही राशि का जुमार्ना वसूला गया। सीएमओ ने मरीज को चेतावनी दी और निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में तंबाकू और गुटखा खाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। डॉ. मिश्रा ने बताया कि पुवायां के सरकारी अस्पताल को जल्द ही ट्रॉमा सेंटर में अपग्रेड किया जाएगा।

# चूड़ी बेचने का बहाना बनाकर गांव में घुसे संदिग्ध

## ग्रामीणों ने दो को पकड़ा, दो भागे; आधार कार्ड में नोएडा का पता



शाहजहांपुर, जलालाबाद क्षेत्र के गांव गुरुगवा में गाजियाबाद नंबर की एक कार से चार युवक आए। दो युवक कार में गांव के किनारे सड़क की पुलिया के पास बैठे रहे। दो अन्य युवक गांव में रेकी करने लगे। ग्रामीणों के पूछने पर पहले उन्होंने चूड़ी बेचने की बात कही। कुछ दूर जाने पर दूसरे ग्रामीणों से भैंस खरीदने की बात करने लगे। संदिग्ध जवाबों से ग्रामीणों को शक हुआ। युवकों ने अपना पता कभी जलालाबाद, कभी गुनारा बताया। आधार कार्ड चेक करने पर नोएडा का पता निकला। ग्रामीणों ने जब पकड़ने की कोशिश की तो युवक कार में भागने लगे। गांव वालों ने मोटरसाइकिल से रास्ता रोका और पीआरवी को सूचना दी। पुलिस ने दो संदिग्धों को पकड़कर थाना जलालाबाद भेज दिया। दो अन्य फरार हो गए।

# भारी बारिश के मद्देनजर आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने शहर के विभिन्न स्थानों का किया दौरा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई , पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश की तीव्रता 17 अगस्त की मध्यरात्रि से बढ़ गई है और नवी मुंबई मनपा की मशीनरी मनपा आयुक्त के निदेर्शों के अनुसार पूरी लगन से काम कर रही है।इसलिए नवी मुंबई में कहीं भी कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई है। भारी बारिश के मद्देनजर, आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने नवी मुंबई के विभिन्न इलाकों का दौरा किया और स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। 17 अगस्त की सुबह 8.30 बजे से 18 अगस्त की सुबह 8.30 बजे तक नवी मुंबई क्षेत्र में 115.17 मिमी बारिश दर्ज की गई है और सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक औसतन 83.68 मिमी बारिश दर्ज की गई है।इससे पहले, औसतन 134.68 मिमी बारिश हुई थी। 15 अगस्त सुबह 8.30 बजे से 16 अगस्त सुबह 8.30 बजे तक और 16 अगस्त सुबह 8.30 बजे से 17 अगस्त सुबह 8.30 बजे तक औसतन 105.70 मिमी बारिश दर्ज की गई।नवी मुंबई समुद्र तल से निचले स्तर पर स्थित है, इसलिए यदि भारी बारिश और उच्च ज्वार एक ही समय पर आते हैं, तो शहर के कुछ निचले इलाकों में कुछ मात्रा में पानी जमा हो जाता है, लेकिन ज्वार भाटा शुरू होने के बाद यह पानी निकल जाता है। आयुक्त ने नगर अभियंता शिरीष आरदवाड के साथ समुद्र तट पर वाशीगांव और उसके आसपास के इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के अन्य हिस्सों का भी दौरा किया और वहाँ की स्थिति का निरीक्षण किया।

### नवी मुंबई मनपा क्षेत्र के स्कूलों में 19 अगस्त को अवकाश

एहतियाती उपाय के तौर पर, 18 अगस्त को दोपहर के सत्र के लिए स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है और स्कूल प्रबंधन को सतर्क रहने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि स्कूल आने वाले बच्चे सुरक्षित घर जाएँ। भारतीय मौसम विभाग ने 19 अगस्त को भी रेड अलर्ट घोषित किया है, इसलिए दोनों सत्रों के स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है।सेक्टर 21, एपीएमसी मार्केट रोड, सानपाड़ा-जुईनगर अंडरपास, सेक्टर 5 और सेक्टर 7 ऐरोली, अष्टदर्शन सोसाइटी के सामने जैसे स्थानों पर कुछ समय के लिए जलभराव की शिकायतें मिलीं। इसके बाद, वहाँ अतिरिक्त जल पम्पिंग पंप चालू किए गए। साथ ही, सड़कों और नालों में पानी के प्रवेश में आई रुकावटों को हटाकर जमा पानी को साफ किया गया।एमआईडीसी क्षेत्र में, रबाले क्षेत्र में भी जल पम्पिंग पंपों द्वारा सड़क पर जमा पानी निकाला गया। लगातार बारिश के कारण सुबह और दोपहर में यातायात धीमी गति से चल रहा था।

भारतीय मौसम विभाग ने ठाणे जिले के लिए 18 और 19 अगस्त को रेड अलर्ट और 20 अगस्त को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।जिसके अनुसार आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने नवी मुंबई मनपा क्षेत्र के अन्य अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। निर्देश दिया है कि भारी बारिश और उच्च ज्वार के दौरान नवी मुंबई की भौगोलिक स्थिति के कारण निचले इलाकों में जलभराव की संभावना वाले स्थानों पर आवश्यक मशीनरी और प्रणालियाँ अधिक सक्रिय रूप से सतर्क रहें।

पिछले 3 दिनों से प्रतिदिन औसतन 100 से 125 मिमी बारिश के बावजूद, नवी मुंबई शहर में अन्य शहरों की तुलना में जनजीवन अच्छी स्थिति में है।नवी मुंबई मनपा राहत कार्य के लिए तैयार है और नवी मुंबई के नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे आवश्यक कार्य के अलावा अपने घरों से बाहर न निकलें और घबराए बिना नवी मुंबई मनपा के नजदीकी प्रभाग कार्यालय के आपातकालीन कक्ष या मनपा मुख्यालय में केंद्रीय आपदा प्रबंधन केंद्र के 27567060 / 27567061 या टोल फ्री नंबर 1800222309 / 2310 पर राहत कार्य के लिए संपर्क करें, ऐसी अपील मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे की ओर से की जा रही है।

# उल्हासनगर शिवसेना शहर प्रमुख राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

## उल्हासनगर आमदार कुमार आयलानी और अंबरनाथ आमदार डॉ.बालाजी किणीकर भी बधाई देने पहुंचे।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




उल्हासनगर. शिवसेना शहर प्रमुख, पूर्व नगरसेवक राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज का जन्मदिन उनके आवास पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उनके जन्मदिन के अवसर पर उनके सी. ब्लॉक स्थित जनसंपर्क कार्यालय में युवा सेना जिला सचिव हरजिंदर सिंह विक्की भुल्लर के नेतृत्व में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह से ही उल्हासनगर के आम और खास लोगों ने इस रक्तदान शिविर में सहभाग करके अपना रक्तदान किया।इस शिविर में लगभग 200 लोगों ने रक्तदान किया।युवा सेना निरीक्षक हरजिंदर सिंह भुल्लर ने इस रक्तदान शिविर के पीछे शिवसेना के मूलमंत्र 80 प्रतिशत समाजकार्य और 20 प्रतिशत राजनीति करने के लक्ष्य को बताया।उनके आवास पर सुबह से ही जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा।भुल्लर महाराज को जन्मदिन की शुभकामना देने वालों में स्थानीय आमदार कुमार आयलानी, अंबरनाथ के आमदार डॉ.बालाजी किणीकर, शिवसेना महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी, उल्हासनगर भाजपा अध्यक्ष राजेश वधारिया, प्रकाश नाथानी, प्रकाश माखीजा, टोनी सिरवानी, प्रमोद पांडेय आदि ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

# रशिया से एमबीबीएस कर बिना टेस्ट दिए की सर्जरी

## गर्भवती-नवजात की मौत, आरोपी ने लगा दिए 6 कट, फर्जी डॉक्टर समेत 3 गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम में गर्भवती महिला और उसके नवजात की मौत के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी डॉक्टर फैज खान ने रूस से एमबीबीएस की डिग्री ली थी। लेकिन भारत में प्रैक्टिस करने के लिए आवश्यक स्क्रीनिंग टेस्ट नहीं दिया था। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में बीते बुधवार को अतुल अपनी गर्भवती पत्नी आरती को जारा मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल ले गए थे। डॉक्टर फैज और आरिफ ने सर्जरी की। सर्जरी के दौरान छह जगह कट लगाए गए। इससे मरीज की स्थिति बिगड़ गई। नवजात और मां दोनों की मौत हो गई। जांच में पता चला कि अस्पताल का सीएमओ कार्यालय में रजिस्ट्रेशन नहीं था। फैज और आरिफ ने पार्टनरशिप में यह अस्पताल खोला था। आशा कार्यकर्ता डालकुमारी गर्भवती महिलाओं को यहां लेकर आती थी। वह प्रति मरीज तीन हजार रुपए कमीशन लेती थी। जबकि उसकी जिम्मेदारी मरीजों को सरकारी अस्पताल ले जाने की थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। मुखबिर की सूचना पर बादशाहनगर चौराहे के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है। बता दें कि डीएम ने अवैध रूप से संचालित अस्पताल और क्लिनिक पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। डीएम के निर्देश की अनदेखी करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अवैध अस्पतालों के खिलाफ कोई अभियान नही चलाया। आए दिन अवैध रूप से संचालित अस्पतालों में घटनाएं होने के बाद डाक्टर और परिजनों के बीच समझौता करा दिया जाता है। जिसके बाद कार्रवाई के नाम पर स्वास्थ्य विभाग लिखित शिकायत का इंतजार कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देता है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध अस्पताल चलाए जा रहे हैं। झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक खोलकर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। लेकिन स्वास्थ विभाग की नींद नही टूट रही है।

# बाढ़ का पानी घटा, समस्याएं बरकरार

## एडीएम ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा, राहत सामग्री का वितरण जारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, मिर्जापुर में गंगा नदी का जलस्तर कम होने से बाढ़ की स्थिति में कुछ सुधार हुआ है।हालांकि, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अभी भी कई समस्याएं बनी हुई हैं। एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने राहत सामग्री के वितरण की जानकारी ली और अधिकारियों को प्रभावित लोगों की मदद के लिए आवश्यक निर्देश दिए। तटवर्ती इलाकों में स्थिति अभी भी चिंताजनक है। गांवों की गलियों और घरों में अब भी बाढ़ का पानी भरा हुआ है। पालतू पशुओं के लिए चारे की कमी गंभीर समस्या बन गई है। बाढ़ का पानी कम होने के साथ गंदगी का अंबार लग गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बाढ़ के कारण जलालाबाद-शमसाबाद स्टेट हाइवे को भी नुकसान पहुंचा है। तेज पानी के बहाव से सड़क में कई गड्ढे बन गए हैं। कई संपर्क मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। निरीक्षण के दौरान एडीएम के साथ एसडीएम कलान अभिषेक प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

# जलालाबाद में यूरिया की किल्लत

## किसानों को 4-5 दिन लाइन में लगे, सिर्फ 2-3 बोरी मिल रही खाद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, जिले की ठिगरी साधन सहकारी समिति में यूरिया खाद की कमी से किसान परेशान हैं। किसानों को घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है। कई बार शाम को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। समिति के सचिव उपेंद्र सिंह के अनुसार, अब तक कुल 2000 बोरी खाद प्राप्त हुई थी। इनमें से 1600 यूरिया के पैकेट वितरित किए जा चुके हैं।

वर्तमान में 400 पैकेट स्टॉक में बचे हैं। प्रति किसान केवल 2-3 बोरी खाद दी जा रही है। दो दिन पहले आई 400 कट्टे खाद के लिए 200 से अधिक किसान पहुंच गए। इससे मारामारी जैसी स्थिति बन गई। समिति में आधार कार्ड जमा करने वाले किसानों को प्राथमिकता दी जा रही है। वर्तमान में लगभग 200 आधार कार्ड जमा हैं। वाक निवासी गौरव ने बताया कि खाद के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। मंझा के जितेंद्र के अनुसार खेतों में फसल को यूरिया की तत्काल आवश्यकता है। समय पर खाद न मिलने से फसल को नुकसान हो रहा है। सचिव ने बताया कि एक और ट्रक खाद शाम तक पहुंचने की सूचना है।

# डीएम ने किया प्राथमिक विद्यालय डोमनपुर का निरीक्षण

- 126 में से 72 बच्चे मिले मौजूद, छात्रों ने सुनाई कविताएं और पहाड़े

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, मिर्जापुर के जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने सोमवार को विकास खंड सीखड़ के प्राथमिक विद्यालय डोमनपुर का निरीक्षण किया। प्रधानाध्यापिका आनंद कुमारी ने बताया कि विद्यालय में कुल 126 बच्चों का नामांकन है। निरीक्षण के दिन 72 बच्चे उपस्थित थे। विद्यालय में 6 अध्यापक कार्यरत हैं, जिनमें से सहायक अध्यापिका प्रीति सिंह अवकाश पर थीं। जिलाधिकारी ने कक्षा पांच के छात्रों से विभिन्न विषयों की जानकारी ली। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ हिंदी और अंग्रेजी की कविताएं सुनाईं। कक्षा तीन और चार के विद्यार्थियों ने 9 और 13 का पहाड़ा धाराप्रवाह सुनाया। बच्चों को 20 तक के पहाड़े याद थे। जिलाधिकारी ने अध्यापकों को निर्देश दिया कि बच्चों को पढ़ाए जाने वाले विषय का अर्थ भी समझाएं। डीएम ने विद्यालय में शौचालय, पानी और साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने शौचालयों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। विद्यालय में पानी की व्यवस्था के लिए समरसेबल पंप लगा है। जिलाधिकारी ने मिड डे मील की गुणवत्ता की जांच की और उसे संतोषजनक पाया। विद्यालय परिसर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण में 9 बच्चे उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने कक्षों में प्रकाश और स्वच्छता की स्थिति देखी। उन्होंने उचित प्रकाश व्यवस्था और बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सिटी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पुतिन ने पीएम मोदी को फोन किया

## ट्रम्प से हुई बातचीत की जानकारी दी; यूक्रेन जंग खत्म करने को लेकर मिले थे पुतिन-ट्रम्प

एजेंसी

नई दिल्ली, रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को सोमवार शाम फोन किया। उन्होंने पिछले हफ्ते अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ हुई अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी दी। मोदी ने बातचीत के जरिए यूक्रेन जंग का शांतिपूर्ण समाधान खोजने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत इस संबंध में सभी कोशिशों का समर्थन करता है। पीएम मोदी ने पुतिन को अलास्का में ट्रम्प के साथ उनकी बैठक के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर भी चर्चा की। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 15 अगस्त की देर रात अलास्का में मुलाकात की थी। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई थी। हालांकि यह मुलाकात बेनतीजा रही थी। पुतिन से मुलाकात को लेकर ट्रम्प ने कहा कि



उनकी मीटिंग बहुत अच्छी रही। दोनों कई बिंदुओं पर सहमत थे, लेकिन कोई डील नहीं हुई। ट्रम्प ने कहा कि कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा। ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मॉस्को में करने का सुझाव दिया। अपनी बात कहने के बाद दोनों नेता मंच से तुरंत चले गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने 12 अगस्त को पीएम मोदी को फोन कर बातचीत की। जेलेंस्की ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लंबी बातचीत की। हमने द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक कूटनीतिक पर विस्तार से चर्चा की। जेलेंस्की ने मोदी को यूक्रेन पर रूसी हमलों के बारे में बताया। उन्होंने कहा- मैंने उन्हें (पीएम मोदी को) हमारे ऊपर रूसी हमलों के बारे में बताया, खासकर कल जापोरिझिया में बस स्टेशन पर हुए हमले के बारे में, जहां रूस ने जानबूझकर एक शहर पर बमबारी की, जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए। जेलेंस्की ने कहा कि- भारत हमारे शांति प्रयासों का समर्थन कर रहा है और इस बात पर सहमत है कि यूक्रेन से जुड़ा हर फैसला यूक्रेन की भागीदारी के साथ ही होना चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की थी। ट्रम्प टैरिफ विवाद के बीच पीएम मोदी और पुतिन ने भारत-रूस संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- मेरी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी और डिटेल बातचीत हुई। मैंने यूक्रेन के हालात पर जानकारी शेयर करने के लिए उन्हें धन्यवाद कहा। हमने अपने आपसी सहयोग बढ़ाने और भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मैं इस साल के अंत में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा का इंतजार कर रहा हूं। राष्ट्रपति पुतिन इस साल के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आएंगे। रूसी न्यूज एजेंसी तास ने कल यह जानकारी ठरअ अजीत डोभाल के हवाले से दी थी। अब ढट मोदी से हुई बातचीत के बाद यह तय है कि पुतिन इस साल के आखिर में भारत आएंगे। डोभाल ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात में कहा था, अब हमारे रिश्ते बहुत खास बन गए हैं,

# पाकिस्तानी मंत्री बोले- भारत चमकती मर्सिडीज, पाकिस्तान डंपर ट्रक

## अगर ये दोनों टकराए, तो नुकसान किसका होगा; भारत के 6 जेट गिराने का दावा किया

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने 17 अगस्त को आर्मी चीफ आसिम मुनीर की तरह भारत को चमकती मर्सिडीज बताया है। दरअसल, 11 अगस्त को अमेरिका दौरे पर पहुंचे मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपर ट्रक कहा था। उन्होंने कहा- अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा? भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान मुनीर के नेतृत्व की सराहना करते हुए नकवी ने कहा कि- आर्मी चीफ ने जंग के दौरान मई में पाकिस्तान का दौरा करने वाले सऊदी डेलिगेशन के सामने



पाकिस्तान की ताकत का बखान करने के लिए इसी उदाहरण का इस्तेमाल किया था। साथ ही नकवी ने दावा किया कि संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 जेट को मार गिराया था। उन्होंने कहा कि उनके पास इसकी वीडियो फुटेज भी है, लेकिन उन्होंने कोई सबूत पेश नहीं किया। नकवी ने यह भी कहा कि हमें पहले से पता था कि भारत क्या योजना बना रहा है और कौन से विमान इस्तेमाल करेगा। नकवी ने दावा किया कि भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान भारत का कोई भी मिसाइल पाकिस्तान के किसी बड़े सैन्य अड्डे पर नहीं गिरा। नकवी ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के एक तेल डिपो को तबाह कर दिया। हालांकि, पाकिस्तान ने अभी तक कोई वीडियो या ठोस सबूत सार्वजनिक नहीं किया है।


भारतीय वायुसेना के एयर मार्शल एके भारती ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर चुनिंदा सैन्य ठिकानों पर सटीक और संतुलित हमले किए। भारत ने इन दावों को पहले ही खारिज कर चुका है। सिंगापुर में 31 मई को भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के दावों को पूरी तरह गलत बताया था। भारत ने मैक्सार टेक्नोलॉजी की हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों से बता चुका है कि पाकिस्तान के कई हवाई अड्डों पर हमले किए गए, जिसमें रनवे, हैंगर और इमारतों को भारी नुकसान हुआ। मुनीर ने अमेरिका के दौरे के समय एक कार्यक्रम में कहा था कि हम भारत में सिंधु नदी पर डैम बनने का इंतजार करेंगे, और भारत जब ऐसा कर लेगा तो फिर 10 मिसाइल मारकर उसे गिरा देंगे। मुनीर ने कहा कि सिंधु नदी भारत की फैमिली प्रॉपर्टी नहीं है, हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। आसिम मुनीर ने कहा था, 'भारत के सिंधु जल समझौता रद्द करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है।

# पुतिन के बाद जेलेंस्की से मिलेंगे ट्रम्प

## पिछली बार दोनों में तीखी बहस हुई थी; आज फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी और इटली के लीडर्स मौजूद रहेंगे

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की आज व्हाइट हाउस में मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात का एजेंडा रूस-यूक्रेन जंग रोकना है। इस बैठक में जेलेंस्की के अलावा यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष उसुर्ला वान डेर लेयेन, नाटो महासचिव मार्क रूटे, ब्रिटिश ढट कीर स्टार्मर, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और इटली की ढट जॉर्जिया मेलोनी भी शामिल होंगे। ट्रम्प और जेलेंस्की की 7 महीने में यह तीसरी मुलाकात होगी। पिछली बार जब जेलेंस्की अमेरिका गए थे तो वहां उनकी ट्रम्प से जमकर बहस हुई थी। ट्रम्प ने जेलेंस्की से कहा था कि वे अमेरिकी मदद को लेकर शुक्रगुजार नहीं हैं। इस बहस की वजह से दोनों देशों के बीच मिनरल डील नहीं हो पाई थी। माना जा रहा है कि इस बार ऐसी स्थिति न बने, इसलिए जेलेंस्की के साथ बाकी नेता भी इसमें शामिल हों रहे हैं। जेलेंस्की वॉशिंगटन पहुंच चुके हैं। दोनों नेताओं में तीखी बयानबाजी के बाद यह बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई थी। इसके बाद दोनों 26 अप्रैल को रोम में पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में मिले थे। ट्रम्प ने तीन दिन पहले ही यूक्रेन जंग को लेकर रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। 3 घंटे मीटिंग के बाद भी यह बातचीत बेनतीजा रही थी। ट्रम्प पहले ही कह चुके हैं कि जंग रोकने के लिए यूक्रेन को रूस से जमीन की



अदला-बदली करनी होगी। ऐसे में आज की मुलाकात में एक बार फिर से इस मुद्दे पर बात हो सकती है। ट्रम्प के साथ मीटिंग में जेलेंस्की का मुख्य फोकस तीन मुद्दों पर रहेगा। 1- यूक्रेन में आम लोगों की हत्याएं बंद हो, 2- रूस पर और ज्यादा प्रतिबंध लगाए जाएं, 3- पहले स्थायी सीजफायर हो फिर सुरक्षा गारंटी मिले। इसके अलावा जेलेंस्की यूक्रेन, अमेरिका और रूस के बीच त्रिपक्षीय बैठक का समर्थन कर चुके हैं। ट्रम्प के साथ इस मुलाकात में जेलेंस्की का जोर इस बात पर भी रहेगा कि किसी भी समझौते में यूक्रेन की सुरक्षा और संप्रभुता को प्राथमिकता दी जाए। रूस ने यूक्रेन के करीब 20% हिस्से, यानी लगभग 1 लाख 14 हजार 500 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा कर रखा है। इसमें क्रीमिया, डोनेट्स्क, लुहांस्क, खेरसॉन और जापोरिज्जिया जैसे क्षेत्र शामिल हैं। रूस इन क्षेत्रों को अपनी सामरिक और ऐतिहासिक धरोहर मानता है और इन्हें छोड़ने को तैयार नहीं है। पुतिन साफ कह चुके हैं कि यूक्रेन से शांति को लेकर बातचीत तभी हो सकती है जब यूक्रेन, रूस के कब्जाए गए क्षेत्रों से अपना दावा छोड़े और उन इलाकों को रूस के हिस्से के रूप में स्वीकारे। जेलेंस्की यूक्रेन की एक इंच जमीन भी रूस को नहीं देंगे। उनका मानना है कि अगर यूक्रेन अभी पीछे हटता है

तो इससे देश की संप्रभुता और सुरक्षा कमजोर हो सकती है। साथ ही रूस को भविष्य में और ज्यादा हमले करने का मौका मिल सकता है। ट्रम्प ने 13 अगस्त को यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ वर्चुअल मीटिंग की। इस मीटिंग में ट्रम्प ने जंग खत्म करने के लिए जमीन अदला-बदली की बात कही थी। इस पर जेलेंस्की ने कहा- यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता पर किसी भी तरह का फैसला हमारे संविधान और जनता की इच्छा को ध्यान में रखे बिना नहीं हो सकता। हमारे सिद्धांत और हमारी जमीन से जुड़े फैसले नेताओं के स्तर पर ही होंगे, लेकिन इसमें यूक्रेन की भागीदारी जरूरी है। जेलेंस्की ने बिना किसी शर्त के युद्धविराम की मांग की।

# अमेरिकी मंत्री बोले- चीन पर पाबंदी क्यों नहीं लगाई

## चीन रूसी तेल ग्लोबल मार्केट में बेचता है, प्रतिबंध से कीमतें बढ़ेंगी; भारत पर 50% टैरिफ

एजेंसी

वॉशिंगटन डी सी, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका ने चीन पर कोई प्रतिबंध इसलिए नहीं लगाया क्योंकि चीन रूस से खरीदे गए तेल को रिफाइन करके ग्लोबल मार्केट में बेचता है। फॉक्स को दिए इंटरव्यू में रुबियो ने कहा, 'चीन पर प्रतिबंध लगाने से दुनिया में तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं।' उन्होंने कहा, 'अगर आप उस तेल को देखें जो चीन जा रहा है और रिफाइन किया जा रहा है, तो उसमें से बहुत कुछ वापस



यूरोप में बेचा जा रहा है। यूरोप अभी भी प्राकृतिक गैस रूस से खरीद रहा है।' ये देश चीन पर प्रतिबंधों को लेकर चिंतित हैं। वहीं, अमेरिका ने भारत पर रूस से तेल और हथियार खरीदने के लिए 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। जो 27 अगस्त से लागू होगा, इससे भारत पर कुल 50% टैरिफ हो जाएगा। रुबियो ने कहा कि यूरोपीय देश चीन के माध्यम से रूस का तेल खरीदते हैं। ये देश चीन पर प्रतिबंधों को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा, 'जब सीनेट में चीन और भारत पर 100% टैरिफ का प्रस्ताव आया, तो कई यूरोपीय देशों ने इस पर चिंता जताई।' जब पूछा गया कि क्या यूरोप पर रूस से तेल और गैस खरीदने के लिए प्रतिबंध लगाए जाएंगे, तो रुबियो ने कहा, 'मैं यूरोप पर सीधे प्रतिबंध की बात नहीं कर रहा, लेकिन सेकेण्डरी सेंक्शन का असर हो सकता है।' उन्होंने कहा कि यूरोप के साथ टकराव की बजाय, वे इस मामले में पहले बात करेंगे। रूस से क्रूड ऑयल का सबसे बड़ा खरीदार चीन है। दिसंबर 2022 से जून 2025 तक रूस के कुल क्रूड निर्यात का 47% हिस्सा चीन को गया। वहीं, भारत ने 38%, यूरोपीय यूनियन और तुर्किये ने 6%-6% क्रूड ऑयल रूस से आयात किया। अमेरिका ने भी रूस से 2024 में 3 अरब डॉलर का सामान आयात किया था।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने शुभांशु शुक्ला से आवास पर की मुलाकात



एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की, जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन के पायलट थे। बैठक के दौरान शुक्ला ने प्रधानमंत्री मोदी को एक्सिओम-4 मिशन पैच भेंट किया और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से ली गई पृथ्वी की तस्वीरें साझा कीं। शुक्ला, जो एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरिक्ष उड़ान भरने वाले दूसरे भारतीय बन गए थे, रविवार तड़के भारत लौटे और उनका भव्य स्वागत किया गया। लाल किले पर 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन विकसित कर रहा है और उन्होंने यह भी बताया कि ग्रुप कैप्टन शुक्ला एक अंतरिक्ष मिशन से लौट आए हैं। मोदी ने कहा था, ₹हमारे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष स्टेशन से लौट आए हैं। आने वाले दिनों में, वह भारत लौट रहे हैं।शुक्ला की भारत वापसी के उपलक्ष्य में सोमवार को लोकसभा में 'अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष

**लाल किले पर 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन विकसित कर रहा है और उन्होंने यह भी बताया कि ग्रुप कैप्टन शुक्ला एक अंतरिक्ष मिशन से लौट आए हैं।**

यात्री - 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका' विषय पर एक विशेष चर्चा भी हुई। शुक्ला, जो एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरिक्ष उड़ान भरने वाले दूसरे भारतीय बने, और उनके सहायक अंतरिक्ष यात्री प्रशांत बालकृष्णन नायर का हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने स्वागत किया। शुक्ला की पत्नी कामना और बेटा कियाश भी अंतरिक्ष उड़ान के लिए अमेरिका में लगभग एक साल के प्रशिक्षण के बाद, जो अंततः 25 जून से 15 जुलाई तक चला, उनका स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। ढोल-नगाड़ों की ध्वनि के साथ शुक्ला का स्वागत करने के लिए इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रीय तिरंगा लहराते हुए एक बड़ी भीड़ जमा हुई थी।

# 'उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त नहीं, महामाफिया...'

## अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर साधा निशाना...

**कानपुर के अधिवक्ता अखिलेश दुबे पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी मुकदमों में लोगों को फंसाकर उनसे रंगदारी वसूली। वह वर्तमान में जेल में बंद हैं। विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट के अनुसार, अखिलेश दुबे ने अधिकारियों के साथ मिलकर 1500 करोड़ रुपये से अधिक की जमीन पर कब्जा किया। जांच में अब तक 54 फर्जी मुकदमे सामने आए हैं, जिनमें उनकी संलिप्तता पाई गई है। दावा है कि इस सांठगांठ में कई आईपीएस और पीपीएस अधिकारी भी शामिल थे, जिनकी अवैध कमाई को अखिलेश की कंपनियों और जमीनों में निवेश किया गया।**

एजेंसी

लखनऊ, अखिलेश यादव ने कानपुर के चर्चित वकील के मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस मामले में बीजेपी को कटघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाया कि पुलिस और भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से यह पूरा खेल चल रहा था। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा, ₹उत्तर प्रदेश



में बीजेपी का भ्रष्टाचार त्रिकोणीय है: फर्जी एनकाउंटर करने वाली भ्रष्ट बीजेपी सरकार, काला धन कमाने वाले बीजेपी समर्थित भ्रष्ट अधिकारी, और इन दोनों की करतूतों को छिपाने वाला बीजेपी का वकील। हजारों करोड़ की कमाई करने वाला यह भ्रष्टाचारी न तो ड्रोन की नजर में आया और न ही दूरबीन से दिखा। मामला तब सामने आया जब इनके बीच की आपसी रंगदारी का धंधा उजागर हुआ।

### अखिलेश का तंज: बुलडोजर अब चलेगा या मामला दब जाएगा?

उन्होंने आगे लिखा, अब यह देखना बाकी है कि इस बीजेपी समर्थित भू-माफिया की अवैध जमीनों पर बुलडोजर खुद चलता है, या हमारी इस पोस्ट के बाद कार्रवाई होती है, या फिर कोई बड़ा रंगदार इनसे वसूली कर मामले को रफा-दफा कर देगा। उत्तर प्रदेश को 'माफिया मुक्त' करने का दावा करने वाले अब कहां हैं? सच्चाई यह है कि उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त नहीं हुआ, बल्कि माफिया एकजुट होकर 'महामाफिया' बन गया है।

इस मामले का खुलासा तब हुआ, जब बीजेपी नेता रवि सतीजा ने अखिलेश दुबे के खिलाफ शिकायत दर्ज की। उन्होंने आरोप लगाया कि दुबे ने उनसे 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और फर्जी केस दर्ज कराया। शिकायत के बाद अखिलेश दुबे की गिरफ्तारी हुई, और 17 अगस्त के बाद से उनके खिलाफ 5 प्राथमिकियां (एफआईआर) दर्ज की जा चुकी हैं। इस मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है।

# जन विश्वास विधेयक 2.0 पेश, 288 प्रावधानों को अपराधमुक्त करने का प्रस्ताव

## सरकार ने लोकसभा में एक नया विधेयक पेश किया, जिसे बाद में सेलेक्शन कमेटी के पास भेज दिया गया.

**इसके बाद विधेयक को जांच के लिए लोकसभा की सेलेक्शन कमेटी के पास भेज दिया गया. समिति को संसद के अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है. यह विधेयक विपक्षी दलों के हंगामे के बीच पेश किया गया, जिन्होंने बिहार में मतदाता सूची संशोधन और अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया.**



एजेंसी

नई दिल्ली: सरकार ने सोमवार को लोकसभा में एक नया विधेयक पेश किया, जो जीवन को सुगम बनाने और कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कानूनों के तहत छोटे-मोटे अपराधों से संबंधित 288 प्रावधानों को अपराधमुक्त करता है.यह दूसरा जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक है. इससे पहले 2023 में सरकार ने 19 मंत्रालयों और विभागों द्वारा प्रशासित 42 केंद्रीय अधिनियमों के 183 प्रावधानों को अपराधमुक्त करते हुए एक ऐसा ही कानून बनाया था.जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2025 पेश करते हुए, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इसका उद्देश्य कारोबार को सुगम बनाने के लिए विश्वास-आधारित शासन को बढ़ावा देना है.चार एक्ट को अधिक अपराधमुक्त करने का प्रस्तावइस विधेयक में मोटर वाहन अधिनियम 1988, नई दिल्ली नगर परिषद अधिनियम 1994 और सड़क परिवहन निगम अधिनियम 1950 सहित कई कानूनों से संबंधित मानदंडों को अपराधमुक्त करने का प्रस्ताव है.\

# संसद में चुनाव आयोग पर अब और हंगामा नहीं : रिजिजू

## चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों के बीच किसी भी विवाद पर सीधे चुनाव आयोग में चर्चा होनी चाहिए, संसद में नहीं।

**रिजिजू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों के बीच किसी भी विवाद पर सीधे चुनाव आयोग में चर्चा होनी चाहिए, संसद में नहीं। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव आयोग और कांग्रेस पार्टी के बीच के मुद्दे पर चुनाव आयोग में चर्चा होनी चाहिए, संसद में नहीं। हम चुनाव आयोग के प्रवक्ता नहीं हैं।**

एजेंसी

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों पर संसद में व्यवधान पैदा करने से बचने का आह्वान किया। रिजिजू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों के बीच किसी भी विवाद पर सीधे चुनाव आयोग में चर्चा होनी चाहिए, संसद में नहीं। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव आयोग और कांग्रेस पार्टी के बीच के मुद्दे पर चुनाव आयोग में चर्चा होनी चाहिए, संसद में नहीं। हम चुनाव आयोग के प्रवक्ता नहीं हैं। चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था है और हम



उनकी ओर से जवाब नहीं दे सकते। उन्होंने विपक्ष से चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों पर ₹हंगामा₹ न करने का आग्रह किया।रिजिजू ने कहा कि जहाँ तक कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों का सवाल है, उन्होंने चुनाव आयोग के मुद्दे पर सदन में हंगामा किया। मैं उनसे अनुरोध करता हूँ कि वे इस चर्चा के दौरान हंगामा न करें। रिजिजू ने यह भी घोषणा की कि संसद कैप्टन शुभांशु शुक्ला और भारत के अंतरिक्ष मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की उनकी हालिया अंतरिक्ष यात्रा के सम्मान में एक विशेष चर्चा आयोजित करेगी। रिजिजू ने कहा कि आज संसद में हम एक विशेष चर्चा के माध्यम से कैप्टन शुभांशु शुक्ला का सम्मान करने जा रहे हैं। हम उनकी अंतरिक्ष यात्रा और भारत के अंतरिक्ष मिशन पर विस्तार से चर्चा करेंगे।उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी दलों के सदस्य सकारात्मक रूप से भाग लेंगे, जैसा कि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा में द्विदलीय समर्थन देखने को मिला था। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि जिस तरह सभी दलों के सदस्यों ने ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा में हिस्सा लिया, उसी तरह सभी दल कैप्टन शुभांशु शुक्ला और भारतीय वैज्ञानिकों को बधाई देंगे और इस चर्चा में भी भाग लेंगे। नासा के एक्सिओम-4 (अ-4) अंतरिक्ष मिशन को पूरा करने के बाद 15 जुलाई को पृथ्वी पर लौटे शुक्ला रविवार तड़के दिल्ली पहुँचे।

## संक्षेप

### विधायक और उनके साथियों पर रंगदारी मांगने का आरोप

**सड़क निर्माण कंपनी की डायरेक्टर बोलीं– 25 लाख मांगे, विरोध पर कर्मचारियों को पीटा**

सुलतानपुर, एक सड़क निर्माण कंपनी की डायरेक्टर ने स्थानीय विधायक और उनके साथियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सिद्धार्थ इन्फ्राहाइट प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपा है। कंपनी को पीडब्ल्यूडी से वित्तीय वर्ष 2024-25 में विरसिंहपुर-पापरघाट शाहपुर हरवंशपुर मार्ग का निर्माण कार्य मिला है। यह कार्य चैनेज 14.600 से 22.200 (बाबा चौरासी आश्रम धाम) तक है। आरोप है कि कार्य शुरू होते ही विधायक राज बाबू उपाध्याय ने कंपनी के मैनेजर अनिल वर्मा को बुलाया। उन्होंने कहा कि उनकी अनुमति के बिना क्षेत्र में कोई काम नहीं हो सकता। साथ ही 25 लाख रुपए की मांग की। कंपनी द्वारा मांग को ठुकराने पर 16 अगस्त 2025 को विधायक खुद साइट पर पहुंचे। उन्होंने मैनेजर और कर्मचारियों को गालियां दीं और धमकियां दीं।

### चेहल्लुम पर निकला जुलूस

**गांधीनगर से कब्रिस्तान तक नौहा-ख़्वानी के साथ चला, पुलिस रही तैनात**

सुलतानपुर, कोइरीपुर नगर पंचायत में सोमवार को चेहल्लुम के अवसर पर लोगों ने जुलूस निकाला। जुलूस गांधीनगर से शुरू होकर शास्त्री नगर और चौक होते हुए कब्रिस्तान के पास समाप्त हुआ। श्रद्धालु नौहा-ख़्वानी और मातम करते हुए चल रहे थे। जुलूस के दौरान हुसैन के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। कोइरीपुर चौकी प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा और चांदा इंस्पेक्टर सहित पर्याप्त पुलिस बल मौजूद था। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी की गई। नगर पंचायत ने मार्ग पर साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था की। धर्मगुरुओं ने बताया कि चेहल्लुम हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद दिलाता है।

### लम्भुआ में पंचायत चुनाव की तैयारी

**बीएलओ और पर्यवेक्षकों को मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण का प्रशिक्षण, कई लागे रहे मौजूद**

सुलतानपुर, लम्भुआ विकास खंड में पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। विकास खंड सभागार में मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी नीलिमा गुप्ता और सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ने प्रशिक्षण का नेतृत्व किया। प्रशिक्षण में इछड और पर्यवेक्षकों को मतदाता सूची में सुधार की प्रक्रिया समझाई गई। उन्हें बताया गया कि मतदाता सूची में नए पात्र मतदाताओं के नाम कैसे जोड़े जाएं। साथ ही मृत या अपात्र मतदाताओं के नाम कैसे हटाए जाएं।

# कैंसर मरीज की मौत पर परिजन का हंगामा

## एसआरएन के डॉक्टर ने प्राइवेट अस्पताल में किया था आपरेशन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, स्टैनली रोड स्थित मोहक हास्पिटल में आज सोमवार को एक कैंसर प्राइमरी स्टेज के मरीज की मौत हो गई। इसके बाद परिवार के लोगों ने हंगामा किया। करीब 4 घंटे तक शव को अस्पताल परिसर में रखकर परिजन डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते रहे। सूचना पर कई थानों की पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के अधिकारियों के आश्वासन के बाद शव को अस्पताल से ले जाया गया। कल शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पत्नी ने कहा, ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जानी जाहिए। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन एसआरएन अस्पताल के डॉ. राजुल अभिषेक ने किया था। गलत ऑपरेशन कर दिया गया और ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत बिगड़ती गई और मौत हो गई। डॉ. मुकेश कुमार यादव (35 वर्ष) सोरांव तहसील के लालगोपालगंज, कासिमपुर गांव के रहने वाले थे। वह पशु चिकित्सक थे। माउथ कैंसर के प्राइमरी स्टेज के मरीज से पीड़ित थे। टाटा हास्पिटल में चेकअप कराके आए थे। पत्नी किरन यादव ने कहा, एसआरएन अस्पताल में राजुल अभिषेक को दिखाया था। उन्होंने कहा, तीन लाख रुपये लगेगा, मरीज ठीक हो जाएगा। डॉक्टर ने कहा, एसआरएन अस्पताल में ऑपरेशन कराने के लिए एक महीने का इंतजार करना होगा। इसलिए प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन करना होगा। इसके बाद वह मोहक हास्पिटल में शुक्रवार को 3.40 बजे ऑपरेशन शुरू किए। आपरेशन के 12 घंटे तक वह होश में रहे। हाथ से इशारा भी किए। इसके बाद बेहोशी की हालत में हो गए। वेंटीलेटर पर ले गए। लेकिन पति की मौत हो गई। परिजनों के आक्रोश को देखते हुए अस्पताल का पूरा स्टाफ वहां से भाग निकला। पूरा अस्पताल पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। जो नए मरीज आ रहे थे घंटों तक वेटिंग एरिया में इंतजार करते रहे। पत्नी किरन और पिता का रो-रोकर बुरा हाल था। पिता ने कहा, डॉक्टर ने 6 यूनिट ब्लड मांगा था हम तत्काल ब्लड की व्यवस्था करके लाए भी।

# चक्काजाम करने वाले 133 पर एफआईआर

## सोनार की हत्या के बाद रोड पर लगाया था जाम, 3 एंबुलेंस भी फंसी थीं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, सोनार अमन सोनी की हत्या के बाद सड़क जाम में शामिल 13 नामजद और 120 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रेम पटेल समेत तीन लोगों ने पैसा देने के बहाने अमन सोनी को हरखपुर नहर पर बुलाया। आरोपियों ने चाकू से उनकी हत्या कर दी और शव को नहर में फेंक दिया। मृतक के परिजनों और रिश्तेदारों ने इस घटना के विरोध में प्रयागराज-फैजाबाद मार्ग पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसमें तीन एंबुलेंस भी फंस गईं। राहगीरों की मदद से एक हमलावर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

परिजनों का कहना है कि जब तक सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे, वे शांत नहीं बैठेंगे। पुलिस के अनुसार हत्या का कारण रुपयों का लेन-देन है। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। दोपहर 3 बजे तक प्रदर्शनकारी हाईवे पर डटे रहे, जबकि पुलिस उन्हें समझाने का प्रयास करती रही। इस संबंध में एसीपी फूलपुर पंकज लावनिया से बात करने पर बताया गया कि सड़क जाम के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है वीडियो फुटेज के आधार पर सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम श्री विद्यालय में जलभराव

- मृत गोवंश के कारण स्कूल बंद, बच्चों को दूसरे विद्यालय में किया शिफ्ट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिल, गौरीगंज ब्लॉक स्थित पीएम श्री विद्यालय सुजानपुर में विभागीय लापरवाही सामने आई है। यह विद्यालय केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा गोद लिए गए गांव में स्थित है। विद्यालय परिसर में चारों तरफ पानी भरा हुआ है। परिसर में मृत गोवंश पड़े हैं। इनसे दुर्गंध फैल रही है। कौए मृत गोवंश को नोच रहे हैं। परिसर में झाड़ियां भी फैली हुई हैं। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने विद्यालय को बंद कर दिया है। सभी बच्चों को पास के कंपोजिट विद्यालय में भेजा गया है। शिक्षक और ग्रामीण बता रहे हैं कि सूचना देने के बाद भी ग्राम प्रधान और कर्मचारी मृत गोवंश हटाने नहीं आए। इससे पहले शिक्षकों को विद्यालय की खराब व्यवस्था के कारण बच्चों को खुले में पढ़ाना पड़ा। बीएसए संजय तिवारी ने कहा कि मृत गोवंश को विद्यालय परिसर से हटवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों को पास के कंपोजिट विद्यालय में शिफ्ट कर दिया गया है।



# पंचायत सहायकों का प्रदर्शन

## डिजिटल क्रॉप सर्वे से मुक्ति या सुविधाएं देने की मांग, डीएम को दिया ज्ञापन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, पंचायत सहायकों ने कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने एग्रीस्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य से मुक्ति की मांग की है। शासनादेश के मुताबिक खरीफ 2025 से ई-खसरा पडताल के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे का काम लेखपालों की जगह प्राइवेट सर्वेयर करेंगे। कृषि विभाग इन सर्वेयरों का चयन करेगा और मानदेय देगा। पंचायत सहायकों ने कहा कि उनके पास उचित क्षमता वाले स्मार्टफोन या जीपीएस मोबाइल नहीं हैं। वे ग्राम पंचायत सचिवालय में अकेले कर्मचारी हैं। फील्ड में जाने से सचिवालय का काम रुकेगा। सहायकों का कहना है कि एग्रीस्टैक क्रॉप सर्वे कृषि विभाग का काम है। यह पंचायती राज विभाग का नियमित कार्य नहीं है। प्रति गाटा प्रस्तावित राशि भी कम है। उन्होंने कई मांगें रखी हैं। इनमें उच्च गुणवत्ता वाले मोबाइल फोन की मांग शामिल है। साथ ही प्रोत्साहन राशि के बजाय निश्चित मानदेय की मांग की है। मानसून में खेतों में सर्वे के दौरान जंगली जानवरों और सांप-बिच्छू का खतरा है। इसलिए 10 लाख का बीमा और दुर्घटना में परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी मांगी है। दुर्गम क्षेत्रों में महिला पंचायत सहायकों की सुरक्षा पर भी चिंता जताई है।

सहायकों का कहना है कि अन्य विभागों के काम से उनके मुख्य कार्य प्रभावित होते हैं।

# महिला ने लगाया युवक पर आरोप




- 8 साल तक शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए, मुकदमा दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, जायस थाना क्षेत्र में एक महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। महिला ने थाने में दी गई शिकायत में कहा कि उसी गांव के संदीप कुमार ने 8 वर्ष पहले उससे विवाह का वादा किया। महिला के अनुसार, संदीप ने इस दौरान उससे शारीरिक संबंध बनाए। कुछ समय पहले संदीप ने उसे अपने घर बुलाया। वहां संदीप के परिजनों ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट की। उन्होंने जान से मारने की धमकी देकर उसे वहां से भगा दिया। पीड़िता का आरोप है कि अब संदीप शादी से इनकार कर रहा है। उसने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है

# मुसाफिरखाना तहसील के समाधान दिवस में 30 शिकायतें

## 12 समस्याओं का मौके पर समाधान, एसडीएम ने दिए निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, मुसाफिरखाना में तहसील परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 30 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 12 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें राजस्व, विद्युत, जल, कृषि, पशुपालन, खाद्य एवं आपूर्ति, पंचायत और विकास विभाग शामिल थे। अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद, बिजली आपूर्ति, राशन कार्ड और पेंशन से संबंधित थीं। एसडीएम समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए। समाधान दिवस को महज औपचारिकता नहीं बनाया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों से आए शिकायतकताओं ने बताया कि कई शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा है। एसडीएम ने सभी शिकायतों की मॉनिटरिंग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल भी मौजूद रहे।

समाधान दिवस शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ।

# छात्रसंघ चुनाव के लिए भूख हड़ताल पर बैठे स्टूडेंट

## एएमयू के बाब-ए-सैयद गेट पर आमरण अनशन जारी, छात्रों ने वीसी लापता के लगाए पोस्टर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अलीगढ़, मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्रों का आमरण अनशन लगातार चौथे दिन भी जारी है। एलएलबी के दो छात्र सैयद कैफ हसन और मोहम्मद रेयान बाब-ए-सैयद गेट पर भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। उनकी मांग है कि विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द से जल्द छात्रसंघ चुनाव कराए। अनशन को शुरू हुए अब चार दिन बीत चुके हैं और दोनों छात्रों की तबीयत लगातार बिगड़ रही है। मलखान सिंह जिला अस्पताल से आई चिकित्सकीय टीम उनकी सेहत की निगरानी कर रही है और बार-बार अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दे रही है, लेकिन छात्र अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। डॉक्टरों के मुताबिक भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर दिखने लगा है। सोमवार को जब मेडिकल टीम ने जांच की तो दोनों छात्रों का बाइटल टेस्ट तो सामान्य मिला, लेकिन वजन में तेजी से कमी पाई गई। कैफ का वजन पिछले चार दिन में करीब 4 किलो घट गया है। अनशन शुरू होने से पहले उनका वजन 65.25 किलो था, जो सोमवार तक घटकर 61.10 किलो रह गया। वहीं रेयान का वजन तो और भी तेजी से कम हुआ। भूख हड़ताल शुरू होने पर उनका वजन 74.20 किलो था, जो अब 64.45 किलो पर आ गया है। यानी 10 किलो से ज्यादा की कमी। डॉक्टरों ने दोनों को तुरंत अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का गुस्सा अब विश्वविद्यालय प्रशासन और खासकर कुलपति प्रो. नाइमा खातून पर निकल रहा है। कैंपस के अलग-अलग हिस्सों में छात्रों ने वीसी की तस्वीर वाले गुमशुदगी के पोस्टर चिपका दिए हैं। इन पोस्टरों में व्यंग्य करते हुए लिखा गया है- गुमशुदा की तलाश, आखिरी बार शायरी सुनते हुए देखी गई थीं, अगर मिलें तो बाब-ए-सैयद गेट पर पहुंचा दें। धरने पर बैठे कैफ और रेयान के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं बाब-ए-सैयद गेट पर मौजूद हैं। पूरा इलाका नारेबाजी से गूंज रहा है।

# सार्वजनिक रास्ते पर गेट लगाने पर दो पक्ष भिड़े

## पथराव और मारपीट में फेंकी गई कांच की बोतलें, 4 घायल; 8 लोग हिरासत में

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, थाना कोसीकलां क्षेत्र की मीट वाली गली अचानक जंग में तब्दील हो गई। आम रास्ते पर गेट लगाने को लेकर शुरू हुई कहासुनी पलक झपकते ही हिंसक झगड़े में बदल गई। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों के साथ-साथ ईंट-पत्थर और कांच की बोतलें तक चलने लगीं। गली में मची भगदड़ से लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस के मुताबिक, प्रथम पक्ष के महफूज पुत्र हाजी नजीर, राजू पुत्र महफूज, फैजान पुत्र महफूज, रिहान पुत्र इलियास, सारिक पुत्र इकबाल और आदिल पुत्र आबिद का विवाद द्वितीय पक्ष के शाहिद पुत्र फारूख और लाल बाबू पुत्र फारूख से हुआ। बताया गया कि शाहिद का भाई जाहिद गली के बीचों-बीच आम रास्ते पर गेट लगाने का काम कर रहा था। इसी दौरान महफूज ने आपत्ति जताते हुए कहा कि यह सार्वजनिक रास्ता है, यहां गेट नहीं लगाया जा सकता। इसी बात पर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ ही मिनटों में मारपीट और पथराव में तब्दील हो गई। झगड़े के दौरान गेट की ईंटें तक हथियार बना ली गईं। दोनों ओर से जमकर पथराव और बोतलें फेंकी गईं। अचानक हुए हमले से गली में भगदड़ मच गई।

# पेड़ से टकराई बाइक, एक की मौत

## दूसरे को मामूली चोट, मुंबई से सिद्धार्थनगर जा रहे थे दोनों

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, अमेठी में एक सड़क हादसा हुआ। मुंबई से सिद्धार्थनगर जा रहे दो युवकों की बाइक नौडाड के पास सड़क किनारे पीपल के पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक चालक अब्दुल्ला की मौके पर मौत हो गई। बाइक पर सवार दूसरे युवक आलम को मामूली चोटें आईं। उन्हें सीएचसी जगदीशपुर में प्राथमिक उपचार दिया गया। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है। दोनों युवक मुंबई के कमला रमन, शिवाजी नगर में रहते थे। आलम मूल रूप से सिद्धार्थनगर के नवगढ़ के रहने वाले हैं। दोनों हीरो स्प्लेंडर बाइक से दो दिनों से लगातार यात्रा कर रहे थे। थकान के कारण बाइक बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने 112 पर सूचना दी।

# किसान मजदूर संयुक्त यूनियन ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

## सुल्तानपुर में अतिवृष्टि से हुई फसल क्षति का मुआवजा और खाद–यूरिया की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन (अराजनैतिक) ने सोमवार को जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं को लेकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। तराई क्षेत्र में अतिवृष्टि से किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। किसानों का आरोप है कि नालों की सफाई के लिए उन्हें खुद के खर्च पर 40,000 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। दोस्तपुर ब्लॉक के दुल्हापुर, बेथरा, कैथीली, कटघरा, चिरानेपट्टी, धतुरहा, नगईया और बनपुरा जैसे गांव सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। वहीं, जयसिंहपुर तहसील के पीढी, गडौली, बेलगरा और परसड़ा गांवों में भी नुकसान दर्ज किया गया है। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि पर्याप्त स्टॉक के बावजूद खाद-यूरिया बाजार में नहीं मिल रही है। निजी दुकानदार मनमाने दाम वसूल रहे हैं। सहकारी समितियों में अंगूठा लगवाने के बाद भी किसानों को रसीद नहीं दी जा रही, जिससे वे बीमा क्लेम भी नहीं ले पा रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि जिले की किसी भी तहसील में स्वामित्व योजना के तहत उन्हें प्रपत्र 7, 8 या 9 नहीं मिला। इससे कई किसान अपने मकान के स्वामित्व से वंचित हो गए हैं। प्रतिबंधित क्षेत्रों में घरौनी बनाकर विवादों को जन्म दिया गया है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० – A – 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक– डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता– आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक– माता प्रसाद शर्मा, फिल्म– संपादक–जगन्नाथ तिवारी